

संचार जगत

दैनिक समाचार पत्र

sancharjagat.com

editorial@sancharjagat.com



वर्षः 13 | अंकः 278 | जयपुर, शनिवार, 07 नवम्बर 2026 | मूल्यः 2.00 रूपए | पृष्ठ : 8

CBSE 10वीं और 12वीं की बोर्ड परीक्षाएं 16 फरवरी 2027 से

नई दिल्ली, आरएनएन। केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) ने कक्षा 10वीं और 12वीं की बोर्ड परीक्षाओं 2027 का पूरा कार्यक्रम जारी कर दिया है। लाखों छात्र-छात्राओं का इंतजार अब खत्म हो गया है। बोर्ड के अनुसार दोनों कक्षाओं की परीक्षाएं 16 फरवरी 2027 से शुरू होंगी और सभी पेपर सुबह 10:30 बजे

10वीं की 9 मार्च और 12वीं के पेपर 9 अप्रैल तक चलेंगे

आयोजित किए जाएंगे। छात्र अपनी डेटशीट सीबीएसई की आधिकारिक वेबसाइट cbse.gov.in पर जाकर देख सकते हैं। वहां विषयवार परीक्षा तिथियों की पूरी जानकारी उपलब्ध है। सीबीएसई के कार्यक्रम के मुताबिक कक्षा 10वीं की बोर्ड परीक्षाएं 16 फरवरी से शुरू होकर 9 मार्च 2027 तक चलेंगी। इस बार 10वीं के विद्यार्थियों को 83 विषयों में परीक्षा देनी होगी। सीनियर सेकेंडरी यानी कक्षा 12वीं की बोर्ड परीक्षाएं भी 16 फरवरी से शुरू होंगी। हालांकि 12वीं के पेपर 9 अप्रैल 2027 तक चलेंगे। इस बार 12वीं के विद्यार्थियों के लिए 121 विषयों की परीक्षाएं आयोजित की जाएंगी। बोर्ड ने प्रैक्टिकल और प्रोजेक्ट असेसमेंट की तारीखों की भी जानकारी दी है। सामान्य स्कूलों के लिए प्रैक्टिकल परीक्षाएं 1 जनवरी 2027 से शुरू होंगी।

यूपीएससी पर फैसला, पुराने प्रमोशन व नियुक्तियां सुरक्षित रहेंगी

ओबीसी आरक्षण देने के लिए नहीं गिनी जाएगी पैरेंटल सैलरी इनकम

केंद्र सरकार की संशोधन याचिका सुप्रीम कोर्ट ने की खारिज, 2025 यूपीएससी बैच का सर्विस अलॉटमेंट मार्च के फैसले के मुताबिक होगा

नई दिल्ली/संचार जगत

ओबीसी क्रीमी लेयर पर सुप्रीम कोर्ट ने अहम फैसला सुना दिया है। कोर्ट ने यूपीएससी परीक्षाओं में ओबीसी क्रीमी लेयर आरक्षण पर केंद्र सरकार की संशोधन याचिका खारिज कर दी है। सुप्रीम कोर्ट ने दोहराया है कि ओबीसी आरक्षण देने के लिए माता-पिता की वेतन से होने वाली आय को नहीं गिना जाएगा। ओबीसी क्रीमी लेयर के दायरे से बाहर रखने के लिए केवल माता-पिता के सामाजिक-आर्थिक दर्जे को ही आधार माना जाएगा।

कोर्ट ने 11 मार्च 2026 के अपने फैसले के पूर्वव्यापी असर को सीमित कर दिया है। यानी पुराने मामलों में नियुक्तियां, सीनियरिटी और प्रमोशन दोबारा नहीं खोले जाएंगे। दरअसल, केंद्र सरकार ने 11 मार्च के फैसले पर स्पष्टीकरण मांगा था, जिसमें कहा गया था कि अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) के किसी उम्मीदवार की क्रीमी लेयर स्थिति का निर्धारण केवल उसके माता-पिता की वेतन आय के आधार पर नहीं किया जा सकता, बल्कि उनके द्वारा संभाले गए पदों की श्रेणी पर भी विचार किया जाना चाहिए। इस फैसले से 2025 यूपीएससी बैच को राहत मिलेगी।



मार्च में सुप्रीम कोर्ट ने कहा था, भेदभाव करना गलत

कोर्ट ने इसी साल 14 मार्च को हुई सुनवाई में कहा था कि 2004 का एक पत्र मुख्य नीति को नहीं बदल सकता। सरकारी कर्मचारियों और पीएसयू कर्मचारियों के बीच भेदभाव करना गलत है। अगर सरकारी कर्मचारियों के बच्चों को पद के आधार पर छूट मिलती है, तो पीएसयू कर्मचारियों के बच्चों को केवल सैलरी के आधार पर आरक्षण से बाहर करना समानता के अधिकार का उल्लंघन है। सुप्रीम कोर्ट ने सरकार को आदेश दिया था कि वह 6 महीने के भीतर इन कैंडिडेट्स के दावों पर फिर से विचार करे। कोर्ट ने यह भी कहा कि अगर जरूरी हो तो इन कैंडिडेट्स को नौकरी देने के लिए अलग से पद बनाए जाएं।

क्या है ओबीसी क्रीमी लेयर का मामला

यह पूरा मामला ओबीसी आरक्षण में क्रीमी लेयर तय करने के तरीके से जुड़ा है। 1993 के सरकारी ऑफिस मेमोरेंडम (ओएम) के मुताबिक क्रीमी लेयर की पहचान के लिए माता-पिता की नौकरी में पद और सामाजिक स्थिति के साथ आय के मानक भी देखे जाते हैं। इसमें आय की गणना करते समय माता-पिता की सैलरी और कृषि से होने वाली कमाई को शामिल नहीं करने का प्रावधान है। लेकिन पीएसयू और निजी संस्थानों में काम करने वाले लोगों के पदों की सरकारी पदों से तुलना तय नहीं होने पर 2004 के स्पष्टीकरण के आधार पर उनकी सैलरी भी आय के आकलन में जोड़ी जा रही थी। इसी व्यवस्था को चुनौती देते हुए कुछ ओबीसी अभ्यर्थियों ने कोर्ट का रुख किया था। उनका कहना था कि सरकारी कर्मचारियों के बच्चों के लिए सैलरी को क्रीमी लेयर तय करने का आधार नहीं बनाया जाता, जबकि पीएसयू और निजी संस्थानों में काम करने वालों के बच्चों के मामले में ऐसा किया जा रहा है। इससे समान स्थिति वाले अभ्यर्थियों के बीच भेदभाव हो रहा है। 11 मार्च 2026 को सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र की अपील खारिज करते हुए साफ किया कि 1993 के नियमों के तहत आय/संपत्ति की गणना में माता-पिता की सैलरी और कृषि आय को शामिल नहीं किया जा सकता।

मुख्यमंत्री ने की JDA के कार्यों की समीक्षा

निर्धारित टाइमलाइन के साथ पूरे हो विकास कार्यः सीएम शर्मा

हाईटेक सिटी और मेडिसिटी बने 'नए जयपुर' की पहचान



नई दिल्ली/संचार जगत

जयपुर। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि जयपुर शहर का विकास वर्तमान की आवश्यकताओं के साथ ही भविष्य की जरूरतों को ध्यान में रखकर किया जाए। राज्य सरकार का प्रयास है कि बेहतर एवं सुव्यवस्थित आधारभूत सुविधाओं के विस्तार के साथ जयपुर शहर को उत्कृष्ट मॉडल के रूप में विकसित किया जाए। मुख्यमंत्री शुक्रवार को जयपुर विकास प्राधिकरण के कार्यों के संबंध में आयोजित बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे।

उन्होंने कहा कि जयपुर में यातायात के बढ़ते दबाव के साथ आवागमन को सुगम बनाने के लिए प्रभावी कार्ययोजना बनाई जाए। इसके लिए जेएलएन मार्ग पर स्थित प्रमुख स्थानों को सिग्नल फ्री बनाते हुए सुगम यातायात का प्लान तैयार करें। उन्होंने कहा कि ट्रैफिक इम्प्रुवमेंट प्लान में पैदल यात्रियों की सुरक्षित आवाजाही और पार्किंग व्यवस्था को भी प्राथमिकता दी जाए। उन्होंने मुख्य सचिव एवं विभागीय अधिकारियों को इसके लिए फील्ड में मौका-मुआयना करने के भी निर्देश दिए।

आधुनिक तकनीक व विश्वस्तरीय सुविधाओं से लैस हो हाईटेक सिटी

मुख्यमंत्री ने हाईटेक सिटी परियोजना के संबंध में कहा कि दिल्ली से जयपुर की निकटता और देश-दुनिया में प्रवासी राजस्थानियों की व्यापक उपस्थिति शहर के लिए विकास एवं निवेश की नई संभावनाएं प्रस्तुत करती है।

इन संभावनाओं को ध्यान में रखते हुए हाईटेक सिटी का ऐसा मॉडल विकसित किया जाए, जो आधुनिक तकनीक और विश्वस्तरीय सुविधाओं से युक्त हो। उन्होंने मेडिसिटी परियोजना की समीक्षा करते हुए इसे आधुनिक एवं विश्वस्तरीय चिकित्सा सुविधाओं के साथ विकसित करने पर जोर दिया।

दीपावली पर घर-आंगन में सजने लगे पारंपरिक मांडणे

महिलाएं और युवतियां सहेज रही वर्षों पुरानी लोक परंपरा

टोड़ारायसिंह। दीपोत्सव के पांच दिवसीय पर्व को लेकर कस्बे में दीपावली की तैयारियां जोर-शोर से चल रही हैं।

घरों में साफ-सफाई और रंगाई-पुताई का दौर जारी है। वहीं दीपावली पर घरों को सजाने की वर्षों पुरानी परंपरा आज भी पूरे उत्साह के साथ निभाई जा रही है। महिलाएं और युवतियां घरों के आंगन में पारंपरिक मांडणे बनाकर आकर्षक सजावट कर रही हैं।

खड़िया और गेरू से उकेर रहीं शुभ आकृतियां: परंपरा के अनुसार सबसे पहले घरों के आंगन को गोबर से लीपा जाता है। इसके बाद खड़िया, गेरू और झिकरा से सुंदर एवं आकर्षक मांडणे बनाए जाते हैं। महिलाएं इन पारंपरिक मांडणों को शुभता और मंगल का प्रतीक मानती हैं।

नई पीढ़ी को भी जोड़ रही परंपरा से: आधुनिकता के दौर में भी महिलाएं पारंपरिक मांडणों की कला को सहेजने में जुटी हैं। वे नई पीढ़ी की युवतियों को भी इस लोक परंपरा से जोड़ रही हैं। इससे न केवल घर-आंगन की सुंदरता बढ़ रही है, बल्कि दीपावली के पर्व पर पारंपरिक संस्कृति और उत्सव की रौनक भी देखने को मिल रही है।



SIR में बाहर हुए वोटरों को मिला एक और मौका

कई को गणना फॉर्म जारी किए गए थे, लेकिन नाम मसौदा सूची से हट गया था

नई दिल्ली/संचार जगत

चुनाव आयोग ने मतदाता सूची के एसआईआर के दौरान मसौदा मतदाता सूची से बाहर किए गए लोगों को एक और मौका दिया है। आयोग ने महाराष्ट्र, हरियाणा, आंध्र प्रदेश, झारखंड, तेलंगाना और नगालैंड समेत दिल्ली में ऐसे मतदाताओं को अंतिम सूची में नाम जुड़वाने के लिए दोबारा आवेदन करने की इजाजत दी है।

यह फैसला उन लोगों के लिए है, जिन्हें गणना फॉर्म जारी किए गए थे, लेकिन बाद में एब्सेंट, शिफ्टेड, डेड या डुप्लीकेट (एएसडीडी) की कैटेगरी में डालकर उनका नाम मसौदा सूची से हटा दिया गया। आयोग ने 6 नवंबर को जारी पत्र में संबंधित राज्यों और दिल्ली के मुख्य निर्वाचन अधिकारियों को इस संबंध में निर्देश दिए हैं। इसके तहत पात्र मतदाता अपना भरा हुआ गणना फॉर्म संबंधित निर्वाचन पंजीकरण अधिकारी (ईआरओ) या सहायक निर्वाचन पंजीकरण अधिकारी (एईआरओ) के पास जमा कर सकेंगे। आयोग ने मतदाता सूची से बाहर किए गए लोगों की जानकारी दोबारा सार्वजनिक करने का भी निर्देश दिया है। इसके लिए हर मतदान केंद्र के हिसाब से लिस्ट तैयार की जाएगी। इन सूचियों को संबंधित मतदान केंद्रों, पंचायत भवनों और शहरी निकाय कार्यालयों के सूचना पट्ट पर फिर से लगाया जाएगा।



स्टॉक एक्सचेंज और जलसा को उड़ाने की धमकी

मुम्बई, आरएनएन। बॉम्बे हाईकोर्ट को एक ईमेल भेजकर मुंबई के कुछ चर्चित जगहों को बम से उड़ाने की धमकी मिली है। इस मेल के बाद मुंबई में सुरक्षा अलर्ट जारी कर दिया गया है। धमकी भरे ईमेल में बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज (बीएसई), वर्ली रेसकोर्स और बॉलीवुड सुपरस्टार अमिताभ बच्चन के बंगले (जलसा) को उड़ाने की धमकी दी गई है। मुंबई पुलिस और अन्य सुरक्षा एजेंसियों ने इस धमकी को गंभीरता से लिया है और ईमेल भेजने वाले का पता लगाने के लिए जांच कर रही हैं।

हाईकोर्ट को भेजा ईमेल, सुरक्षा बढ़ाई

इस धमकी के बाद बॉम्बे हाईकोर्ट और बॉलीवुड अभिनेता अमिताभ बच्चन के आवास की सुरक्षा बढ़ा दी गई है। मुंबई पुलिस और बम डिटेक्शन एंड डिस्पोजल स्क्वॉड की तैनाती कर दी गई है। पुलिस आसपास के इलाकों की जांच कर रही है।

GST अफसर की कार पलटी 50 लाख कैश और गहने मिले

छुट्टियों में परिवार सहित जा रहे थे घर, पति-पत्नी और दो बच्चे भी हुए घायल



रतलाम, आरएनएन। गुजरात के सूरत से गंगानगर जा रहे जीएसटी अधिकारी की कार ब्रिज से नीचे गिरकर पलट गई। हादसे में अधिकारी प्रवीण पूंजीलाल (40), उनकी पत्नी संतोष (37) और दोनों बेटे आदित्य (10) और अथर्व (8) गंभीर रूप से घायल हो गए।

चारों को जावरा अस्पताल में भर्ती कराया गया था। वहां से पहले रतलाम मेडिकल कॉलेज और फिर बाद में इंदौर रेफर कर दिया गया। प्रवीण मूल रूप से राजस्थान के गंगानगर के रहने वाले हैं। वे

दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेस-वे पर जावरा औद्योगिक क्षेत्र में हुई घटना

गुजरात के वापी में जीएसटी विभाग में अधिकारी हैं। दीपावली की छुट्टियों में वे परिवार के साथ कार से सूरत से गंगानगर जा रहे थे। शाम करीब 5.15 बजे दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेस-वे पर जावरा औद्योगिक क्षेत्र में नीमन-नागदी के बीच उनकी कार हादसे का शिकार हो गई।

दीपोत्सव

2,151 अर्चक महाआरती करेंगे, 2,100 ड्रोन दिखाएंगे रामायण, झांकियां तैयार करने में मुस्लिम कारीगर भी जुटे

अयोध्या में इस बार 30 लाख दीयों से बनेगा नया रिकॉर्ड

नई दिल्ली/संचार जगत

अयोध्या एक बार फिर आस्था, भक्ति और भव्यता के सबसे बड़े उत्सव की गवाह बनने जा रही है। 7 नवंबर को होने वाले दीपोत्सव के दसवें संस्करण को ऐतिहासिक बनाने के लिए रामनगरी में तैयारियां अंतिम चरण में हैं।

इस बार राम की पैड़ी समेत सरयू नदी के 56 घाटों पर 30 लाख से अधिक दीप जलाए जाएंगे। वहीं, 2 हजार 151 वेदाचार्य और अर्चक एक साथ सरयू तट पर महाआरती करेंगे। दीपोत्सव-2026 के मुख्य अतिथि भारत के उपराष्ट्रपति सीपी राधाकृष्णन होंगे। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ भी मौजूद रहेंगे। इस बार दीपोत्सव में परंपरा और आधुनिक तकनीक का अनूठा संगम देखने को मिलेगा। आसमान में 2 हजार 100 स्वदेशी ड्रोन रामायण के प्रमुख प्रसंगों को जीवंत करेंगे। इनमें वीर मुद्रा में प्रभु श्रीराम, लक्ष्मण और हनुमान, रावण वध, पुष्पक विमान और राम दरबार जैसी आकृतियां दिखाई देंगी।



दीपोत्सव के अब तक के रिकॉर्ड

अयोध्या में दीपोत्सव की शुरुआत वर्ष 2017 में हुई थी। पहले संस्करण में 1.71 लाख दीप जलाए गए थे। इसके बाद 2018 में 3.01 लाख, 2019 में 4.04 लाख, 2020 में 6.06 लाख और 2021 में 9.41 लाख दीप प्रज्ज्वलित किए गए। वर्ष 2022 में दीपों की संख्या बढ़कर 15.76 लाख हो गई। इसके बाद 2023 में 22.23 लाख, 2024 में 25.12 लाख और 2025 में 26.11 लाख दीप जलाए गए। अब 2026 के दसवें संस्करण में 30 लाख से अधिक दीप प्रज्ज्वलित करने की तैयारी है।

56 घाटों पर होगी रोशनी

उत्तर प्रदेश के पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने बताया कि पहले संस्करण में करीब 1.71 लाख दीप प्रज्ज्वलित किए गए थे। इसके बाद हर साल इस आयोजन का विस्तार होता गया। इस बार 56 घाटों पर 30 लाख से अधिक दीप जलाने की तैयारी है। मंत्री के मुताबिक, दसवां संस्करण जनभागीदारी और भव्यता के लिहाज से नया कीर्तिमान स्थापित करेगा। दीपोत्सव की व्यवस्थाओं के लिए 35 हजार स्वयंसेवकों के साथ 900 घाट समन्वयक, 112 घाट प्रभारी और 27 पर्यवेक्षक तैनात किए गए हैं। इसके अलावा सांस्कृतिक कार्यक्रम, थीम आधारित सजावट, अंतरराष्ट्रीय रामलीला, दीपोत्सव मेला और प्रदर्शनी का आयोजन भी किया जा रहा है। दीपावली की पूर्व संध्या पर पर्यटन विभाग की ओर से अयोध्या में भव्य एरियल ड्रोन शो आयोजित किया जाएगा। इस बार एक साथ 2,100 रंग-बिरंगे स्वदेशी ड्रोन आसमान में रोशनी की अलग-अलग आकृतियां बनाएंगे। पिछले साल के मुकाबले ड्रोन की संख्या करीब दोगुनी रखी गई है। ड्रोन शो में वीर मुद्रा में प्रभु श्रीराम, लक्ष्मण और हनुमान के साथ रावण वध, पुष्पक विमान और राम दरबार के दृश्य दिखाई देंगे। इसके अलावा महर्षि वाल्मीकि, गोस्वामी तुलसीदास और हनुमान के विभिन्न स्वरूपों को भी आसमान में जीवंत किया जाएगा।

कर्मभूमि एक्सप्रेस के 4 डिब्बों में लगी आग



अमृतसर, आरएनएन। पंजाब के राजपुरा में शुक्रवार को अमृतसर से न्यू जलपाईगुड़ी जा रही कर्मभूमि एक्सप्रेस के 4 डिब्बों में आग लग गई। यह घटना अंबाला मंडल के सराय बंजारा रेलवे स्टेशन के पास हुई। आग लगने के बाद ट्रेन में अफरातफरी मच गई। हालांकि, रेलवे के सुरक्षा तंत्र ने समय रहते खतरे का संकेत दे दिया, जिसके बाद ट्रेन को सुरक्षित रोक लिया गया। यात्रियों को तुरंत नीचे उतारा गया। रेलवे अधिकारियों के मुताबिक, इस हादसे में किसी की मौत नहीं हुई है और न ही कोई यात्री घायल हुआ है। आग की चपेट में आए चार डिब्बों में से तीन को काफी नुकसान पहुंचा है, जबकि चौथा डिब्बा भी आंशिक रूप से प्रभावित हुआ है।

चौथे चरण के पंचायत चुनाव में 65 वार्डों पर 195 प्रत्याशी मैदान में

संचार जगत

टोंक। पंचायतीराज आम चुनाव-2026 के चौथे चरण के तहत जिले की पंचायत समिति निवाई, टोडारायसिंह एवं टोंक में पंचायत समिति सदस्य पदों के चुनाव को लेकर नाम वापसी की प्रक्रिया पूरी हो गई है। नाम वापसी के बाद अब तीनों पंचायत समितियों के 65 वार्डों में कुल 195 अभ्यर्थी चुनाव मैदान में रह गए हैं। इसके साथ ही चुनावी मुकाबले की तस्वीर भी साफ हो गई है और प्रत्याशियों ने अपने-अपने क्षेत्रों में प्रचार अभियान तेज करने की तैयारी शुरू कर दी है। पंचायत समितियों में चुनावी मुकाबले की स्थिति स्पष्ट हो गई है।

विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने दी अजमेर को दीपावली की सौगात

संचार जगत



जयपुर। विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने शुक्रवार को धनतेरस के अवसर पर अजमेर शहर को रोशनी की सौगात दी।

उन्होंने पुरानी चौपाटी पर नगर निगम की ओर से दीपावली पर्व के मद्देनजर शहर में कराई गई विशेष रोशनी एवं सजावट का शुभारम्भ किया। इसके साथ ही पुष्कर रोड पर अजमेर विकास प्राधिकरण (एडीए) की ओर से कराए गए हैरिटेज लाइटिंग कार्य का भी लोकार्पण किया। इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रमों में विधानसभा अध्यक्ष देवनानी ने कहा कि दीपावली के पावन पर्व पर इस बार अजमेर शहर रोशनी से सराबोर नजर आएगा। आनासागर झील सवा लाख दीपों एवं आकर्षक विद्युत सजावट से जगमगाएगी। शहर के प्रमुख मार्गों, चौराहों, बाजारों एवं विभिन्न क्षेत्रों में विशेष प्रकाश व्यवस्था की गई है। नगर निगम एवं अजमेर विकास प्राधिकरण की ओर से धनतेरस से राम-राम तक शहर में रोशनी के विशेष इंतजाम किए गए हैं। उन्होंने कहा कि शहर की सुंदरता बढ़ाने और नागरिकों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने के उद्देश्य से प्रमुख चौराहों पर आवश्यकता के अनुसार हाईमास्ट एवं मिनी हाईमास्ट लाइटें स्थापित की जा रही हैं। दीपावली पर की गई विशेष सजावट से शहर का सौंदर्य और अधिक निखरेगा। उन्होंने कहा कि एडीए द्वारा अजमेर शहर के सौंदर्यीकरण एवं सार्वजनिक पथ प्रकाश व्यवस्था को बेहतर बनाने के उद्देश्य से अद्वैत आश्रम से नौसर माता मंदिर तथा मित्तल तिराहे से टेलीफोन एक्सचेंज तक हैरिटेज लाइटिंग कार्य के लिए 7 करोड़ रुपये की लागत से कुल 244 हैरिटेज पोल एवं 461 हैरिटेज लाइटें स्थापित की गई है। उन्होंने बताया कि इसी परियोजना के तहत हटाए गए पुराने पोल एवं लाइटों का भी पुनः उपयोग किया जा रहा है।

इन्हें चामुंडा माता मंदिर रोड सहित अन्य क्षेत्रों में लगाया जा रहा है, जिससे शहर के विभिन्न हिस्सों में प्रकाश व्यवस्था को और बेहतर बनाया जा सकेगा। देवनानी ने कहा कि अजमेर को सुंदर, स्वच्छ एवं आकर्षक शहर बनाने के लिए विकास एवं सौंदर्यीकरण के कार्य निरंतर किए जा रहे हैं।

अलवर टाइगर मैराथन-2027 का हुआ आगाज, 7 फरवरी को होगा मैराथन का तीसरा संस्करण



संचार जगत

जयपुर। आगामी 7 फरवरी को आयोजित होने वाली 'अलवर टाइगर मैराथन' के तीसरे संस्करण का उद्घोष कार्यक्रम केंद्रीय पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री भूपेन्द्र यादव एवं मैराथन के ब्रांड एंबेसडर एवं अभिनेता रणदीप हुड्डा की गरिमामयी उपस्थिति में शुक्रवार को अलवर शहर के मूसी महारानी की छतरी परिसर में हुआ। कार्यक्रम का प्रमुख आकर्षण अलवर टाइगर मैराथन के आधिकारिक शुभंकर 'सरिस्का वीर'का शुभारंभ रहा। सरिस्का वीर के माध्यम से बाघ संरक्षण, वन एवं पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक करने का संदेश दिया जाएगा। इस अवसर पर सरिस्का वीर द्वारा भूपेन्द्र यादव एवं रणदीप हुड्डा को अलवर टाइगर मैराथन-2027 की आधिकारिक टी-शर्ट भेंट की गई। इसके पश्चात अतिथियों ने संयुक्त रूप से टी-शर्ट का अनावरण किया तथा फोटो सेशन में भाग लिया। कार्यक्रम में राजस्थान पर्यटन विभाग एवं वी-शक्ति ट्रस्ट के मध्य अलवर टाइगर मैराथन के संबंध में एमओयू हुआ, जिस पर राजस्थान पर्यटन विभाग की ओर से अतिरिक्त निदेशक राजेश शर्मा एवं वी-शक्ति ट्रस्ट की ओर से प्रज्ञा यादव ने हस्ताक्षर किए। इस दौरान अतिथियों द्वारा मुम्बई हमले के दौरान अदम्य साहस का परिचय देने वाले अलवर निवासी कमांडो श्री सुनील जोधा एवं अजमेर निवासी अल्ट्रा रनर सुफिया सोफी का शॉल ओढाकर एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मान किया। केंद्रीय वन मंत्री ने आमजन को दीपावली की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि अलवर टाइगर मैराथन टाइगर एवं प्रकृति के संरक्षण के साथ पर्यटन को बढावा देने की दिशा में एक सकारात्मक कदम है, जो खेल के साथ-साथ स्वस्थ नागरिक, सुरक्षित प्रकृति व सशक्त समाज का संदेश देती है। इस टाइगर मैराथन का उद्देश्य प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के फिट इंडिया मूवमेंट को आगे बढाते हुए देशवासियों को फिटनेस की जीवनशैली को अपनाने का संदेश देना है। उन्होंने कहा कि अलवर टाइगर मैराथन की परिकल्पना केवल खेल का आयोजन नहीं बल्कि फिटनेस को जन आन्दोलन बनाने, बाघों और वनों के प्रति जागरूकता बढाने, अलवर की ऐतिहासिक एवं प्राकृतिक संपदा को दुनिया के सामने लाने का सकारात्मक प्रयास है। उन्होंने कहा कि सरिस्का टाइगर रिजर्व केवल ऐतिहासिक व सांस्कृतिक धरोहर न होकर बाबा भर्तृहरि की तपोस्थली, चारों तरफ सिद्ध पीठ हनुमानजी का वास एवं करणीमाता, नारायणी माता व नीलकण्ठ महादेव की शक्ति का केंद्र है। उन्होंने कहा कि देश में सबसे पहले टाइगर का रिलोकेट सरिस्का टाइगर रिजर्व में हुआ था।

पंचायतीराज चुनाव ड्यूटी में लापरवाही पर तीन वाहनों के परमिट निलंबित

दो वाहनों के परमिट 90 दिन तथा एक वाहन का परमिट 30 दिन के लिए किया निलंबित

संचार जगत

जयपुर। पंचायतीराज आम चुनाव के तहत निर्वाचन कार्य के लिए अधिग्रहित वाहनों को अन्यत्र ले जाने एवं निर्वाचन ड्यूटी से अनुपस्थित रहने के मामलों में प्रादेशिक परिवहन अधिकारी, जयपुर (प्रथम) द्वारा तीन वाहनों के परमिट निलंबित किए गए हैं। प्रादेशिक परिवहन अधिकारी, जयपुर (प्रथम) चम्पालाल ने बताया कि वाहन संख्या आरजे14टीजी9479 (मारुति टूर एस सीएनजी), वाहन मालिक शुभम गुर्जर को कोटखावदा पंचायत समिति क्षेत्र में तथा वाहन संख्या आरजे14टीएच3083 (मारुति टूर एस सीएनजी), वाहन मालिक अशोक कुमार बैरवा को माधोराजपुरा पंचायत समिति क्षेत्र में निर्वाचन कार्य के लिए अधिग्रहित किया गया था। इसी प्रकार वाहन संख्या आरजे14टीजी8880 वाहन मालिक श्रीनिवास को भी कोटखावदा पंचायत समिति क्षेत्र में निर्वाचन कार्य के लिए अधिग्रहित किया गया था। अधिग्रहण के बाद वाहन मालिकों द्वारा वाहन अन्यत्र ले जाने, फोन रिसीव नहीं करने एवं निर्वाचन ड्यूटी से अनुपस्थित रहने के कारण मोटर वाहन अधिनियम, 1988 की धारा 86 के तहत कार्रवाई करते हुए शुभम गुर्जर के वाहन का परमिट दिनांक 5 नवंबर 2026 से 4 दिसंबर 2026 तक कुल 30 दिवस के लिए निलंबित किया गया है। वहीं अशोक कुमार बैरवा तथा श्रीनिवास के वाहन का परमिट 90 दिवस के लिए निलंबित किया गया है। उन्होंने बताया कि निलंबन अवधि के दौरान संबंधित वाहनों का किसी भी सार्वजनिक मार्ग पर संचालन पूर्णतः प्रतिबंधित रहेगा। परमिट धारकों को आदेश प्राप्ति के तीन दिवस के भीतर मूल परमिट कार्यालय में जमा करवाने के निर्देश दिए गए हैं। निलंबन अवधि में वाहन संचालित पाए जाने पर वाहन जब्त कर परमिट स्थायी रूप से निरस्त करने की कार्रवाई की जाएगी। संबंधित वाहन मालिक आदेश प्राप्ति के 30 दिवस के भीतर राज्य परिवहन अपीलीय अधिकरण, राजस्थान के समक्ष अपील प्रस्तुत कर सकते हैं।

भूपेंद्र यादव एवं टाइगर रणदीप हुड्डा ने दीपोत्सव पर किया लेजर एंड साउंड शो कार्यक्रम का शुभारंभ

जगन्नाथ जी महाराज एवं त्रिपोलिया महादेव मंदिर में पूजा-अर्चना कर की देश-प्रदेश की खुशहाली की कामना

संचार जगत



जयपुर। केंद्रीय वन एवं पर्यावरण मंत्री भूपेंद्र यादव एवं अलवर टाइगर मैराथन के ब्रांड एम्बेसडर व प्रसिद्ध फिल्म अभिनेता रणदीप हुड्डा ने शुक्रवार को होप सर्कस पर आयोजित दीपोत्सव पर्व पर लेजर एंड साउंड शो एवं भजन संध्या कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ किया। उन्होंने जगन्नाथ जी महाराज एवं त्रिपोलिया महादेव मंदिर में पूजा-अर्चना कर की देश-प्रदेश की खुशहाली की कामना की तथा कम्पनी बाग में 11 हजार दीपकों के दीप प्रज्ज्वलन कार्यक्रम में शिरकत की एवं कम्पनी बाग रोड पर लगाए गए हाट बाजार का अवलोकन कर स्वयं खरीददारी की व पथ विक्रेताओं से बाजार की व्यवस्थाओं का फीडबैक लिया। केंद्रीय वन मंत्रीयादव ने आमजन को दीपावली की शुभाकामनाएं देते हुए कहा कि इस बार अलवर शहर की दीपावली को आकर्षक एवं विशेष बनाने हेतु लेजर एंड साउंड शो के माध्यम से आधुनिक तकनीक एवं आकर्षक प्रकाश संयोजन के जरिए शहरवासियों को क्षेत्र की ऐतिहासिक, सांस्कृतिक एवं गौरवशाली विरासत से रूबरू कराने का प्रयास किया गया। वहीं यूनाइटेड रोटरी क्लब द्वारा आयोजित भजन संध्या के माध्यम से भक्तिमय प्रस्तुतियों ने आध्यात्मिक वातावरण को और अधिक आनंदमय बनाया गया है। उन्होंने जिला प्रशासन द्वारा शहर की स्वच्छता, सुन्दरता एवं पथ विक्रेताओं को एक ही स्थान पर अपने सामान की बिक्री हेतु मंच उपलब्ध कराने के उद्देश्य से किए गए नवाचार के तहत कम्पनी बाग रोड पर लगाए गए हाट बाजार का अवलोकन किया। इस दौरान उन्होंने स्वयं खरीददारी कर पथ विक्रेताओं की हौसला-अफजाई की तथा पथ विक्रेताओं से बाजार की व्यवस्थाओं का भी फीडबैक लिया। इससे पहले उन्होंने जगन्नाथ जी महाराज एवं त्रिपोलिया महादेव मंदिर में विधिवत पूजा-अर्चना कर की देश-प्रदेश की खुशहाली की कामना की। उन्होंने एमआईए के समस्त औद्योगिक संगठनों द्वारा कम्पनी बाग में 11 हजार दीपकों के दीप प्रज्ज्वलन कार्यक्रम में शिरकत कर दीप प्रज्ज्वलन किया। इस दौरान उन्होंने पर्यावरण संरक्षण के लिए जूट के थैलों का आमजन को वितरण किया तथा मिट्टी के दीपक बनाने वाले कारीगरों से उनके अनुभव जाने। इस अवसर पर नगर निगम महापौर सुमनलता अग्रवाल, सरस डेयरी के चेयरमैन नितिन सांगवान, केंद्रीय सहकारी बैंक एवं क्रय-विक्रय समिति के अध्यक्ष संजय नरूका, अशोक गुप्ता , महासिंह चौधरी, पूर्व सभापति अजय अग्रवाल, अरूण जैन, लक्ष्मीनारायण गुप्ता सहित जनप्रतिनिधिगण एवं बडी संख्या आमजन मौजूद रहे।

पंचायतीराज आम चुनाव के चौथे चरण में चार पंचायत समितियों में 241 अभ्यर्थी चुनाव मैदान में,

संचार जगत

जयपुर। पंचायतीराज आम चुनाव के चौथे चरण के तहत जयपुर जिले में पंचायत समिति सदस्य पदों के लिए निर्वाचन प्रक्रिया के अंतर्गत चार पंचायत समितियों में नामांकन पत्रों की संवीक्षा एवं नाम वापसी की प्रक्रिया पूर्ण होने के बाद कुल 241 अभ्यर्थी चुनाव मैदान में रह गए हैं। जिला निर्वाचन अधिकारी (पंचायत) संदेश नायक ने बताया कि जयपुर जिले की आंधी, बस्सी, जमवारामगढ़ एवं तूंगा पंचायत समितियों के कुल 82 निर्वाचन क्षेत्रों के लिए 355 नामांकन पत्र दाखिल किए गए।

इनमें कुल 328 अभ्यर्थी शामिल थे। संवीक्षा के दौरान 72 नामांकन पत्र निरस्त तथा 4 नामांकन पत्र डिस्कार्ड किए गए। इसके बाद 279 वैध अभ्यर्थियों में से 38 अभ्यर्थियों ने अपने नाम वापस ले लिए। इस प्रकार नाम वापसी के बाद कुल 241 अभ्यर्थी चुनाव मैदान में रह गए हैं।

उन्होंने बताया कि पंचायत समिति आंधी के 19 निर्वाचन क्षेत्रों में 50 अभ्यर्थी, बस्सी के 25 निर्वाचन क्षेत्रों में 79 अभ्यर्थी, जमवारामगढ़ के 23 निर्वाचन क्षेत्रों में 64 अभ्यर्थी तथा तूंगा के 15 निर्वाचन क्षेत्रों में 48 अभ्यर्थी चुनाव मैदान में हैं।

सीएम शर्मा ने स्ट्रीट वेंडर्स से की दीपावली की खरीदारी, वोकल फॉर लोकल का दिया संदेश

मानसरोवर के बड़ा बाजार में स्वदेशी उत्पाद खरीदे

संचार जगत



जयपुर। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने शुक्रवार शाम को धनतेरस पर मानसरोवर के बड़ा बाजार में सपरिवार दीपावली पर्व की खरीददारी की।

उन्होंने स्ट्रीट वेंडर्स से मिट्टी के दीये, पूजन सामग्री, रंगोली, बंदनवार आदि खरीदे तथा यूपीआई से भुगतान कर डिजिटल पेमेंट और वोकल फॉर लोकल को बढ़ावा देने का संदेश दिया। मुख्यमंत्री ने खरीदारी के दौरान स्थानीय आमजन, छोटे विक्रेताओं और व्यापारियों को धनतेरस, छोटी दीपावली, दीपावली, गोवर्धन पूजा और भाईदूज की बधाई और शुभकामनाएं दीं। मुख्यमंत्री को अपने बीच खरीददारी करते देखकर स्ट्रीट वेंडर्स एवं आमजन ने खुशी व्यक्त की। इससे पहले मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा का किरण पथ स्थित बड़ा बाजार पहुंचने पर स्थानीय व्यापार मंडल ने आत्मीय स्वागत एवं अभिनंदन किया।

भूपेन्द्र यादव ने सचिव कल्याण कोष के अंतर्गत दो समितियों के आश्रितों को 12 लाख रूपये की सहायता राशि का चेक प्रदान किया

संचार जगत



जयपुर। केंद्रीय पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री भूपेन्द्र यादव ने शुक्रवार को सरस डेयरी की ओर से सचिव कल्याण कोष के अंतर्गत मालाखेड़ा की हजारिया बास बावड़ी समिति के सचिव स्वर्गीय राम सिंह सैनी के निधन के उपरांत उनकी धर्मपत्नी ी चिड़िया देवी को 10 लाख रूपये एवं मुंडावर की जिंदोली समिति के सचिव चन्दनलाल मिश्रा के असहाय बीमारी से पीड़ित होने के कारण उनके परिवार को 2 लाख रूपये की आर्थिक सहायता राशि का चेक प्रदान किया। केंद्रीय वन मंत्री ने कहा कि सचिव कल्याण कोष का उद्देश्य कठिन परिस्थितियों में समिति के सचिवों एवं उनके परिवारों को आर्थिक संबल प्रदान करना है। इस पहल के माध्यम से यह सुनिश्चित करने का प्रयास किया जा रहा है कि संकट की घड़ी में उनके परिवारों को सहयोग मिल सके।

अर्हता दिनांक 1 जनवरी 2027 के संदर्भ में निर्वाचक नामावलियों का विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम निर्धारित

12 नवंबर को होगा एकीकृत मतदाता सूचियों के प्रारूप का प्रकाशन, 4 जनवरी 2027 को होगा अंतिम प्रकाशन

संचार जगत



जयपुर। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी अर्हता दिनांक 1 जनवरी 2027 के संदर्भ में निर्वाचक नामावलियों का विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम निर्धारित किया गया है। इस संबंध में जिला निर्वाचन अधिकारी, जयपुर संदेश नायक की अध्यक्षता में शुक्रवार को कलेक्ट्रेट सभागार में राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक आयोजित कर उन्हें पुनरीक्षण कार्यक्रम की निर्धारित समय-सारणी एवं प्रक्रिया की जानकारी साझा की गई।

जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि एकीकृत मतदाता सूचियों का प्रारूप प्रकाशन 12 नवंबर 2026 को किया जाएगा। इसके पश्चात 12 नवंबर 2026 से 11 दिसंबर 2026 तक दावे एवं आपत्तियां प्राप्त की जाएंगी। प्राप्त दावों एवं आपत्तियों का निस्तारण 28 दिसंबर 2026 तक किया जाएगा तथा मतदाता सूचियों का अंतिम प्रकाशन 4 जनवरी 2027 को किया जाएगा। उन्होंने बताया कि प्रारूप मतदाता सूची के प्रकाशन के पश्चात प्राप्त दावों एवं आपत्तियों की सूची प्रत्येक सप्ताह निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण पदाधिकारी द्वारा सभी मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के साथ साझा की जाएगी। साथ ही उक्त सूचियां निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण पदाधिकारी कार्यालय के नोटिस बोर्ड एवं संबंधित मतदान केंद्रों पर भी चस्पा करवाई जाएंगी, ताकि मतदाता एवं राजनीतिक दल सूची में दर्ज प्रविष्टियों का अवलोकन कर सकें तथा आवश्यकतानुसार निर्धारित अवधि में दावे एवं आपत्तियां प्रस्तुत कर सकें। जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि मतदाता सूची में किसी प्रविष्टि के संबंध में निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण पदाधिकारी के निर्णय के विरुद्ध प्रथम अपील जिला मजिस्ट्रेट के समक्ष 15 दिवस के भीतर प्रस्तुत की जा सकती है। जिला मजिस्ट्रेट के निर्णय से संतुष्ट नहीं होने की स्थिति में द्वितीय अपील मुख्य निर्वाचन अधिकारी, राजस्थान के समक्ष जिला मजिस्ट्रेट के निर्णय के 30 दिवस के भीतर प्रस्तुत की जा सकती है। उन्होंने बताया कि मतदाता सूची में नाम जुड़वाने के लिए पात्र नागरिक स्वयं भी भारत निर्वाचन आयोग के पोर्टल Voters.eci.gov.in ¥ÍßæECINET Mobile Application के माध्यम से अपना मतदाता पंजीकरण फॉर्म भर सकते हैं। उन्होंने पात्र नागरिकों से निर्धारित कार्यक्रम के दौरान मतदाता सूची में अपना नाम एवं अन्य विवरण जांचने तथा आवश्यक संशोधन अथवा नाम जुड़वाने के लिए निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार आवेदन करने की अपील की।

9 नवम्बर को मनाया जाएगा भगवान महावीर का निर्वाण कल्याणक महोत्सव

संचार जगत



निवाई। सकल दिगम्बर जैन समाज के तत्वावधान में जैन धर्म के 24वें तीर्थंकर भगवान महावीर स्वामी का 2553 वां निर्वाण व मोक्ष कल्याणक महोत्सव 9 नवम्बर को कई धार्मिक और सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ मनाया जाएगा। जैन समाज के प्रवक्ता सुनील भाणजा व विमल जौंला ने बताया कि आचार्य सुन्दर सागर महाराज संघ के सानिध्य में श्री शांतिनाथ दिगम्बर जैन मंदिर में भगवान महावीर स्वामी का निर्वाण कल्याणक महोत्सव मनाया जाएगा। उन्होंने बताया कि 9 नवम्बर को सुबह 6 बजे श्री दिगम्बर जैन बड़ा मंदिर में गाजे बाजे के साथ विधिवत मंत्रोच्चार द्वारा भगवान महावीर का निर्वाण लाडू चढाया जाएगा। इस दौरान बड़ा जैन मंदिर से बेंड बाजे के साथ शोभायात्रा रवाना होकर बिचला जैन मंदिर, नसियां जैन मंदिर, बंपुई वालों के चेत्यालय, सूरजमल बाबाजी के चेत्यालय एवं शांतिनाथ दिगम्बर जैन मंदिर भगवान महावीर मार्ग सहित शहर के सभी जिनालयों में 9 नवम्बर को भगवान महावीर स्वामी का निर्वाण लाडू चढाया जाएगा। उन्होंने बताया कि भगवान महावीर स्वामी ने सम्पूर्ण विश्व को अहिंसा, करुणा और जीओ और जीने दो का संदेश दिया। उन्होंने बताया कि जैन समाज द्वारा शुक्रवार को आचार्य सुन्दर सागर महाराज संघ की दर्शन यात्रा निकाली गई, जिसमें सेंकड़ों श्रद्धालुओं एवं युवाओं ने बढ़-चढकर भाग लिया। दर्शन यात्रा श्री शांतिनाथ दिगम्बर जैन मंदिर से रवाना होकर अहिंसा सर्किल स्थित चन्द्र प्रभु मंदिर, बड़ा जैन मंदिर, बिचला जैन मंदिर व नसियां जैन मंदिर होते हुए वापस जैन मंदिर पहुंची। जहां श्रद्धालुओं ने अभिषेक व शांतिधारा की। दर्शन यात्रा का शुभारंभ सुन्दर युवा मंच व जिनोदय युवा संघ के जैन धर्म की ध्वजा का आरोहण किया।

एनसीआर क्षेत्र के जिलों में वायु गुणवत्ता से जुड़े विषयों की हुई समीक्षा



संचार जगत

जयपुर। मुख्य सचिव वी. श्रीनिवास ने सचिवालय में परिवर्तन स्कीम तथा एनसीआर क्षेत्र के जिलों में वायु गुणवत्ता से जुड़े विषयों की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में राज्य सरकार एनसीआर क्षेत्र समेत पूरे राज्य में प्रदूषण नियंत्रण के लिए प्रतिबद्ध है। स्कीम के प्रभावी क्रियान्वयन से स्वच्छ वायु और सुरक्षित परिवहन को निरंतर बढ़ावा मिल रहा है। मुख्य सचिव ने अलवर, खैरथल-तिजारा, कोटपूतली-बहरोड़ और भरतपुर-डीग के जिला कलेक्टरों से अपने क्षेत्र के वायु गुणवत्ता सूचकांक के बारे में विस्तार से फीडबैक लिया। उन्होंने निर्देश दिए कि वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग के सभी निर्देशों की जमीनी स्तर पर पूरी पालना सुनिश्चित की जाए, ताकि प्रदूषण पर प्रभावी नियंत्रण पाया जा सके। उन्होंने कहा कि स्कीम का उद्देश्य एनसीआर क्षेत्र में प्रदूषण फैलाने वाले पुराने वाणिज्यिक वाहनों के स्थान पर बीएस-6, सीएनजी और इलेक्ट्रिक वाहनों के उपयोग को प्रोत्साहित करना है। उन्होंने निर्देश दिए कि स्कीम के लाभों के बारे में आमजन को अधिक से अधिक जागरूक किया जाए, ताकि वाहन स्वामी योजना का लाभ लेने के लिए आगे आएं।

जो हो रहा है, उसकी उम्मीद नहीं थीः गहलोत

संचार जगत



जयपुर। पूर्व सीएम अशोक गहलोत ने सीएम भजनलाल शर्मा के आरोपों पर तल्ख पलटवार किया है। सीएम ने कहा था कि गहलोत तिलमिला गए हैं। अब इस पर गहलोत ने पलटवार करते हुए कहा कि शिखर अग्रवाल के विला का हमने इश्यू बनाया तो सीएम क्या-क्या बोल रहे है। गहलोत ने कहा- अब वो कह रहे हैं कि आप तो तिलमिला गए, तिलमिला मैं नहीं गया। मैंने जो आरोप लगाए थे, उससे आप तिलमिला गए, इसलिए आपके मुंह से ये अनर्गल और कपोलकल्पित बातें निकल रही हैं। उन्होंने कहा कि अपराधबोध से ग्रसित व्यक्ति ही तिलमिलाता है। उनके मुंह से जोधपुर में जो कुछ निकला वो तिलमिलाने का असर है। गहलोत ने कहा कि मुझे तो पीड़ा हो रही है क्योंकि मुझे आप पर विश्वास था। अगर मुझे भजनलाल पर विश्वास नहीं होता, मान लो कि इनकी प्रकृति यही होती कि कुछ भी बोलते हैं, तो फिर परवाह नहीं करते। गहलोत ने कहा कि मेरे बारे में बिना सोचे-समझे कमेंट किया इसलिए पीड़ा हुई। उन्हें माफी मांगनी चाहिए, मेरे से नहीं तो जनता से मांग लीजिए। वक्त बताएगा, जनता क्या जवाब देती है लेकिन जनता जवाब जरूर देगी। गहलोत ने कहा कि हम तो आपके ऊपर आरोप लगाएंगे क्योंकि हम विपक्ष में हैं। अगर गलत है तो आप खंडन कर दो। सही है तो सुधार कर लो, विपक्ष तो बोलेगा। ये उल्टा कर रहे हैं। गहलोत ने कहा- राजस्थान में जो हो रहा है उसकी उम्मीद सीएम भजनलाल से नहीं थी। आपको जिंदगी में चांस मिला है, आप लोकतंत्र का सम्मान करो और वैसा ही व्यवहार आप विपक्ष से करो लेकिन जिस प्रकार का व्यवहार इनका हुआ है, मेरे ख्याल से इनके भी इंटरेस्ट में नहीं है।

शिक्षा, सम्मान और सेवा का संगमः वीणा देवरा सम्मानित



जयपुर। वैशाली नगर अवधपुरी ब्राइट बिगिनिंग्स न्यू डॉन वेलफेयर फाउंडेशन की संस्थापक एवं निदेशक ज्योति महाजन ने संस्था की अकादमिक कोऑर्डिनेटर वीणा देवरा को एक वर्ष के समर्पित शैक्षणिक योगदान के लिए सम्मानित किया। शिक्षा विभाग के प्रशासनिक अधिकारी अखिलेश पारीक ने उन्हें प्रशस्ति पत्र प्रदान किया। इस अवसर पर अखिलेश पारीक ने बच्चों को शिक्षा, मेहनत और लक्ष्य निर्धारण का महत्व समझाते हुए प्रेरित किया। ज्योति महाजन ने बच्चों को मिठाई वितरित की तथा संस्था द्वारा महिलाओं एवं बच्चों के स्वास्थ्य संबंधी नए प्रकल्प शुरू करने की जानकारी दी। वरिष्ठ पत्रकार बाबू अंसारी ने वीणा देवरा एवं अखिलेश पारीक को शुभकामनाएं देते हुए बच्चों को दीपावली की बधाई दी।

सचिवालय में मनाया गया धन्वंतरि आरोग्य सप्ताह



संचार जगत

जयपुर। शासन सचिवालय परिसर स्थित राजकीय आयुर्वेद औषधालय की ओर से शुक्रवार को धन्वंतरि आरोग्य सप्ताह के तहत कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में भगवान धन्वंतरि की पूजा-अर्चना कर सभी के उत्तम स्वास्थ्य एवं आरोग्य की कामना की गई। कार्यक्रम में सचिवालय राजपत्रित अधिकारी सेवा संघ के अध्यक्ष अभिमन्यु शर्मा मुख्य अतिथि तथा आयुष विभाग के वरिष्ठ शासन उप सचिव नरोत्तम लाल विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। इस अवसर पर उप शासन सचिव बाबूलाल मीणा, पूर्व कर्मचारी संघ के अध्यक्ष कजोड़मल मीणा एवं परिचारक संघ के अध्यक्ष नरपत सिंह सहित सचिवालय के आयुर्वेद, होम्योपैथी एवं यूनानी चिकित्सा सेवाओं से जुड़े चिकित्सक, कंपाउंडर, नर्स एवं परिचारक तथा अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे। राजकीय आयुर्वेद औषधालय के वरिष्ठ चिकित्साधिकारी एवं प्रभारी वैद्य राजेश शर्मा ने मौसमी बीमारियों से बचाव एवं उपचार के बारे में जानकारी दी। उन्होंने शरद ऋतु में होने वाले संभावित रोगों, उनसे बचाव के उपायों तथा इस मौसम में अपनाए जाने वाले उचित आहार-विहार के संबंध में विस्तार से बताया।

प्रवासी राजस्थानी दिवस के लिए 32 देशों से 4 हजार से अधिक पंजीकरण हुए

संचार जगत

जयपुर। अपनी जड़ों से जुड़े रहने और गृह प्रदेश के विकास में योगदान देने की प्रवासी राजस्थानियों की इच्छा प्रवासी राजस्थानी दिवस के लिए उत्साहजनक दिखाई दे रही है। आयोजन के लिए अब तक 4 हजार से अधिक पंजीकरण प्राप्त हो चुके हैं। संयुक्त अरब अमीरात से सबसे अधिक पंजीकरण प्राप्त हुए हैं। इसके बाद सिंगापुर, मॉरीशस, संयुक्त राज्य अमेरिका और यूनाइटेड किंगडम से भागीदारी दर्ज की गई है। अल्बानिया, ऑस्ट्रेलिया, न्यूजीलैंड, स्वीडन, स्विट्जरलैंड, बहरीन, बेल्जियम और कनाडा सहित कई अन्य देशों के प्रवासी राजस्थानियों ने भी आयोजन में भाग लेने के लिए पंजीकरण कराया है। वहीं, देश के भीतर बिहार, गुजरात, महाराष्ट्र और उत्तर प्रदेश से सबसे अधिक पंजीकरण प्राप्त हुए हैं। 11 अक्टूबर से शुरु किए गए पंजीकरण में लगभग 3 सप्ताह में अब तक भारत सहित 31 देशों से 4 हजार से अधिक पंजीकरण प्राप्त हो चुके हैं। यह तीन दिवसीय आयोजन 8 से 10 दिसंबर तक होगा। इस आयोजन का उद्देश्य प्रवासी राजस्थानियों के अनुभव, विशेषज्ञता, संसाधनों और वैश्विक नेटवर्क का उपयोग प्रदेश में निवेश, व्यावसायिक साझेदारी, ज्ञान के आदान-प्रदान और सामाजिक विकास के अवसरों को बढ़ावा देने के लिए करना है।

अवैध मदिरा पर कार्रवाई

एक लाख लीटर से अधिक वॉश नष्ट



संचार जगत

जयपुर। आबकारी आयुक्त नमित मेहता के निर्देशानुसार प्रदेश में अन्य राज्यों से आने वाली मदिरा एवं अवैध मदिरा निर्माण, भण्डारण, परिवहन एवं विक्रय पर रोकथाम हेतु जीरो टॉलरेंस की नीति के तहत विशेष निरोधात्मक अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान के तहत अवैध देशी, विदेशी मदिरा की जब्ती सहित एक लाख 18 हजार 371 लीटर वॉश नष्ट करते हुए 94 अभियुक्त गिरफ्तार किए है। प्रदेश में विशेष निरोधात्मक अभियान के तहत एक से 5 नवम्बर तक विभिन्न कार्रवाई के तहत 590 अभियोग दर्ज किए गए है। इस दौरान 1502 लीटर देशी मदिरा, 7076 लीटर भारत निर्मित विदेशी मदिरा, 392 लीटर बीयर और 4442 लीटर हथकड़ शराब जब्त की गई है। इस दौरान एक लाख 18 हजार 371 लीटर वॉश नष्ट किया गया है। प्रदेश में अभियान के दौरान दुपहिया वाहन 8 जब्त करते हुए 94 व्यक्तियों का गिरफ्तार किया गया है।

सीएमएचओ सेकंड डॉ. मनीष मित्तल को किया एपीओ

संचार जगत



जयपुर। स्वास्थ्य विभाग ने जयपुर सीएमएचओ सेकंड डॉ. मनीष मित्तल को एपीओ कर दिया। एपीओ के दौरान सीएमचओ को अपनी उपस्थिति स्वास्थ्य निदेशालय में देनी होंगी। पिछले दिनों केसर स्वीट्स पर कार्रवाई में देरी करने के मामले पर स्वास्थ्य विभाग ने ये एक्शन लिया है। दरअसल दुर्गापुरा स्थित केसर स्वीट्स से सीएमएचओ टीम ने दुर्गापुरा से जेएलएन मार्ग जाने वाले एसएल मार्ग स्थित केसर स्वीट्स पर 24 अगस्त को छापा मारा था। इस दौरान काजू कतली सहित कई मिठाइयों के सैंपल लेकर जांच करवाई थी, जिसमें काजू कतली का सैंपल अनसेफ मिला था। इसके बावजूद भी सीएमएचओ ने इस प्रकरण को करीब डेढ़ माह तक दबाए रखा और केसर स्वीट्स पर कोई एक्शन नहीं लिया।

पबित्रा मार्गेरिटा ने स्पेन के विदेश मंत्री से मुलाकात की

मैड्रिड। भारत के विदेश राज्य मंत्री पबित्रा मार्गेरिटा ने मैड्रिड में इबेरो-अमेरिकन सम्मेलन के 30वें शिखर सम्मेलन के दौरान स्पेन के विदेश मंत्री जोस मैनुअल अल्बारेस से मुलाकात की। इस दौरान दोनों नेताओं के बीच द्विपक्षीय संबंधों को मजबूत करने पर चर्चा हुई। भारत के इबेरो-अमेरिकन कॉन्फ्रेंस में एसोसिएट ऑब्जर्वर के रूप में शामिल होने के साथ ही उन्होंने इबेरो-अमेरिकन समुदाय के साथ संबंधों को और मजबूत करने की भारत की इच्छा पर जोर दिया। इस कॉन्फ्रेंस में वर्तमान में 22 सदस्य देश शामिल हैं, जिनमें 19 लैटिन अमेरिका से और तीन यूरोप से स्पेन, पुर्तगाल और अंडोरा हैं। इसके अलावा, इसमें 12 एसोसिएट ऑब्जर्वर और 20 कंसल्टेटिव ऑब्जर्वर भी हैं।

अवैध डोडा पोस्त जब्त 4 तस्कर गिरफ्तार

संचार जगत



जोधपुर। जोधपुर ग्रामीण पुलिस ने एक दिन में दो कार्रवाई करते हुए 82.81 किलोग्राम अवैध डोडा पोस्त जब्त किया। स्पेशल सेल और बिलाड़ा थाना पुलिस की संयुक्त टीम ने दो अलग-अलग ऑपरेशन में दो कारों को जब्त कर चार तस्करों को गिरफ्तार किया। पकड़े गए मादक पदार्थ की तस्करी के लिए वैन्यू और ब्रेजा कार का इस्तेमाल किया जा रहा था। दूसरी कार से छह अलग-अलग नंबरों की फर्जी नंबर प्लेट भी बरामद हुई हैं। जिला पुलिस अधीक्षक पंकज यादव के निर्देशन में अवैध मादक पदार्थों की तस्करी के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत यह कार्रवाई की गई। कॉन्स्टेबल सेठाराम की मुखबिर सूचना पर नाकाबंदी की। पहली कार्रवाई में पुलिस ने कार को डिटेन कर तलाशी ली तो उसमें 42.850 किलोग्राम अवैध डोडा पोस्त मिला। कार में सवार दो लोगों को गिरफ्तार किया। दूसरी कार्रवाई में पुलिस ने 39.96 किलोग्राम अवैध डोडा पोस्त और छह अलग-अलग नंबरों की फर्जी नंबर प्लेट बरामद हुई। इस मामले में पुलिस ने दो लोगों को गिरफ्तार किया। दोनों कार्रवाइयों में 82.81 किलोग्राम डोडा पोस्त, दो कारें और छह फर्जी नंबर प्लेट जब्त की गई हैं।

स्वदेशी खरीदारी से सशक्त बनेगी स्थानीय अर्थव्यवस्थाः कर्नल राज्यवर्धन राठौड़

संचार जगत



जयपुर। धनतेरस के पावन अवसर पर कैबिनेट मंत्री और झोटवाड़ा विधायक कर्नल राज्यवर्धन राठौड़ ने प्रदेशवासियों को हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं दी हैं। उन्होंने सभी नागरिकों के जीवन में सुख, शांति, समृद्धि और उत्तम स्वास्थ्य की मंगलकामना करते हुए धनतेरस के सांस्कृतिक एवं आर्थिक महत्व पर प्रकाश डाला। कर्नल राठौड़ ने कहा कि धनतेरस भगवान धन्वंतरि और माता लक्ष्मी की आराधना का पवित्र पर्व है, जो न केवल आरोग्यता और समृद्धि का संदेश देता है, बल्कि भारतीय संस्कृति एवं सनातन परंपराओं के प्रति हमारी आस्था को भी सुदृढ़ करता है। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के वोकल फॉर लोकल एवं स्वदेशी के मंत्र को अपनाने पर विशेष जोर दिया। उन्होंने आमजन से अपील की कि इस धनतेरस पर स्थानीय कारीगरों, शिल्पकारों, मिट्टी के बर्तन बनाने वालों और छोटे व्यापारियों द्वारा निर्मित स्वदेशी उत्पादों की खरीद को पहली प्राथमिकता दें।

हाई लेवल कमेटी ऑन डेमोग्राफिक चेंज राजस्थान का करेगी दौरा

संचार जगत



जयपुर। जनसांख्यिकीय बदलावों से जुड़े विभिन्न पहलुओं के अध्ययन के लिए गठित हाई लेवल कमेटी ऑन डेमोग्राफिक चेंज के 25 नवम्बर को प्रस्तावित राजस्थान दौरे के दृष्टिगत मुख्य सचिव की अध्यक्षता में सचिवालय में बैठक आयोजित हुई। बैठक में समिति के अध्यक्ष न्यायमूर्ति प्रकाश प्रभाकर नावलेकर (सेवानिवृत्त), सदस्य दुर्गा शंकर मिश्रा (सेवानिवृत्त आईएएस), बालाजी श्रीवास्तव, (सेवानिवृत्त आईपीएस) और डॉ. शमिका रवि तथा संयुक्त सचिव गृह मंत्रालय वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से जुड़े। बैठक के दौरान समिति के अध्यक्ष एवं सदस्यों ने राजस्थान दौरे के संबंध में अपनी अपेक्षाओं, आवश्यकताओं तथा विभिन्न विभागों से अपेक्षित सूचनाओं के संबंध में मुख्य सचिव को अवगत कराया। मुख्य सचिव ने संबंधित विभागों के अधिकारियों को निर्देश दिए कि समिति द्वारा अपेक्षित सभी आवश्यक आंकड़े एवं सूचनाएं समयबद्ध रूप से संकलित की जाएं जिससे समिति को आवश्यक जानकारी सुव्यवस्थित एवं तथ्यात्मक रूप से उपलब्ध कराई जा सके। बैठक में गृह विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव भास्कर ए सावंत सहित, बीएसएफ आईजी डॉ विकास पाठक सहित सम्बंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहें ।

कन्हैयालाल की गर्दन काटने वालों पर चलेगा आतंकवाद का केस



संचार जगत

जयपुर। उदयपुर के कन्हैयालाल हत्याकांड के 8 आरोपियों पर आतंकवाद की धाराओं में ही मुकदमा चलेगा। राजस्थान हाईकोर्ट ने सभी 8 आरोपियों की याचिकाओं को खारिज करते हुए ट्रायल कोर्ट के चार्ज फ्रेम करने के आदेश में दखल देने से इनकार कर दिया है। मुख्य न्यायाधीश संजय के. अग्रवाल और जस्टिस समीर जैन की खंडपीठ ने मोहम्मद रियाज अत्तारी, मोहम्मद गौस सहित अन्य आरोपियों की याचिकाओं को खारिज करते हुए कहा कि आरोप तय करने के चरण में अदालत मिनी-ट्रायल नहीं चला सकती है। खंडपीठ ने कहा कि इस स्टेज पर केवल यह देखना होता है कि क्या अभियोजन पक्ष की ओर से पेश किए गए सबूतों से आरोपियों के खिलाफ प्रथम दृष्टया केस बनता है या नहीं।

जयपुर में बना देश का पहला स्थायी इमर्सिव डोम



जयपुर। जयपुर के कूकस स्थित हॉस्पिटैलिटी कॉरिडोर में 'स्काईडोम' के रूप में देश का पहला स्थायी इमर्सिव इवेंट डोम शुरू किया गया है। इसकी खासियत यह है कि यहां आयोजन के दौरान केवल मंच या सामने लगी स्क्रीन ही नहीं, बल्कि पूरा गुंबद ही एक विशाल डिजिटल स्क्रीन में बदल जाएगा। 360 डिग्री प्रोजेक्शन मैपिंग तकनीक से डोम की दीवारों और छत पर ऐसे दृश्य तैयार किए जा सकेंगे, जिनके बीच मौजूद दर्शक खुद को उसी माहौल का हिस्सा महसूस करेंगे। आईटीसी ममेंटोस रिजॉर्ट के पास स्थित इस डोम का व्यास 60 मीटर और एपेक्स यानी शीर्ष तक ऊंचाई 21 मीटर है। इसमें 30 हजार वर्ग फीट का इनडोर स्पेस और 30 हजार वर्ग फीट का आउटडोर क्षेत्र है।

एयरपोर्ट पर पहली बार में नहीं हो सकी लैंडिंग



जयपुर। जयपुर एयरपोर्ट पर शुक्रवार को इंदौर से आ रही इंडिगो की फ्लाइट 6श्च-7136 पहली बार में लैंड नहीं हो सकी। ऐसे में रनवे टच करते ही पायलट ने 'गो-अराउंड' किया और विमान को वापस हवा में उठा लिया। करीब 17 मिनट बाद विमान की लैंडिंग कराई गई। फ्लाइट में 140 पैसेंजर्स सवार थे। पायलट की अनस्टेबल अप्रोच की वजह से फ्लाइट की ठीक से लैंडिंग नहीं हो पाई थी।

पांचना बांध - 50 करोड़ रुपये की लिफ्ट सिंचाई परियोजना से 21 राजस्व गांवों को मिलेगा लाभ

संचार जगत



जयपुर। करौली जिले में गंभीर नदी पर निर्मित लगभग दो दशकों तक पांचना बांध से जुड़ी एक समस्या का अब सरकार की पहल, प्रशासनिक समन्वय और किसानों के बीच संवाद एवं सहमति से समाधान संभव हुआ है। वर्षों से नहरों में पानी पहुंचने की प्रतीक्षा कर रहे किसानों के लिए 6 जुलाई नई आशाओं और संभावनाओं का संदेश लेकर आया, जब बांध से नहरों में जल प्रवाह प्रारंभ किया गया। करौली जिले में गंभीर नदी पर निर्मित पांचना बांध क्षेत्र की सिंचाई व्यवस्था से जुड़ी महत्वपूर्ण परियोजना है। लगभग 2100 एमसीएफटी जल भंडारण क्षमता वाला यह बाँध करीब 10 हजार हेक्टेयर कृषि क्षेत्र की सिंचाई से संबंधित है। हालांकि, जल वितरण को लेकर विभिन्न क्षेत्रों के किसानों की अपेक्षाओं में अंतर के कारण वर्ष 2006 के बाद से बाँध के कमांड क्षेत्र की नहरों में जल प्रवाह नहीं हो पा रहा था। इससे सिंचाई व्यवस्था प्रभावित हुई और किसानों की अपेक्षाएं लंबे समय तक अधूरी रहीं। एक ओर कमांड क्षेत्र के किसान नहरों के माध्यम से सिंचाई के लिए पानी उपलब्ध कराने की मांग कर रहे थे, वहीं दूसरी ओर गुड़ला सहित आसपास के 21 राजस्व गांवों के किसान लिफ्ट सिंचाई परियोजना के माध्यम से अपने खेतों तक पानी पहुंचाने की अपेक्षा रखते थे।



संपादकीय

पर्यटन बाजार की खोज

पर्यटन संभावनाओं के अक्स में अब होटल एसोसिएशनें समूचे देश से अपने हिस्से का व्यवसाय खोज रही हैं, तो यह स्थायी रूप से प्रगतिशील कदम माना जाएगा। बेशक पिछले कई दशकों में हिमाचल का पर्यटन निवेश अब अपनी क्षमता के जोखिम से इतना बड़ा नजर आता है कि साल के कई भाग सूखे निकल जाते हैं। कहना न होगा कि टूरिस्ट आगमन पूरे साल की क्षमता में एक तरह का उतार चढ़ाव है। कभी अटल टनल से एक ही दिन में बीस हजार वाहन गुजर जाते हैं, तो कभी मनाली की राहें सूनी पड़ जाती हैं। इसी तरह की उदासियों से रूबरू हिमाचल के कमोबेश सभी टूरिस्ट डेस्टिनेशन अपने-अपने पर्यटन कैलेंडर को मजबूत करना चाहते हैं, लेकिन पर्यटन केवल होटल व्यवसाय नहीं, बल्कि पर्यटन व्यापार है जो विविध गतिविधियों के केंद्र में हुजूम बनाता है। होटल संघों के अलावा हिमाचल के व्यापार मंडलों, टैक्सी आपरेटरों, स्थानीय निकायों तथा रेहड़ी-फड़ी वालों के साथ मिल कर ही पर्यटन बाजार की परिभाषा को सुदृढ़ करने की जरूरत है। प्रदेश के पर्यटन सीजन को बारह महीने बांटने की कोशिश में नए डेस्टिनेशन, नए इवेंट, नए उपचार और नए पार्टनर खोजने होंगे। इसी तरह की एक कोशिश करते हुए धर्मशाला की स्मार्ट सिटी होटल एवं रेस्तरां एसोसिएशन तथा भद्रवाह टूरिज्म एसोसिएशन के बीच एक संयुक्त प्रयास शुरू हुआ है। दोनों एसोसिएशन एक सर्किट के तहत दो डेस्टिनेशन के बीच सामंजस्य, संपूर्णता, आकर्षण, विविधता तथा सहूलियत जोड़ रही हैं, तो यह अभिनव प्रयोग हिमाचल के कई अन्य पड़ोसी राज्यों के साथ भी हो सकता है। यह गठजोड़ हिमाचल पथ परिवहन निगम के साथ पड़ोसी राज्यों की परिवहन व्यवस्था से जुड़ कर उत्तर भारत के कई टूरिस्ट सर्किटों को बुलंदी दे सकता है। मसलन हिमाचल से हरिद्वार के लिए कम से कम सौ रूट संचालित होते हैं, लेकिन दोनों राज्यों के बीच अलग-अलग टूरिस्ट सर्किट बनाने के गंभीर प्रयास नहीं हुए। जो टूरिस्ट देवी दर्शन के लिए हिमाचल के मंदिरों में आता है, हम उसके लिए धार्मिक सर्किट नहीं बना पाए। उदाहरण के लिए ज्वालाजी आने वाले पर्यटक को नादौन की ध्यानूं समाधि आज भी मीलों दूर है। हम हाई एंड टूरिस्ट की बात करते हैं, लेकिन हाई एंड टूरिस्ट सर्किट नहीं बना पाए। यानी कि ट्राइबल, सांस्कृतिक और धरोहर के अलावा साहसिक पर्यटन को सर्किट के हिसाब से हाई एंड टूरिस्ट के काबिल नहीं बना पाए। शिमला आज हाई एंड के बजाय शोरगुल पर्यटन का हिस्सा बन गया, तो हमारी योजनाओं का कसूर है। हिमाचल को अपने सीमांत क्षेत्रों पर नए पर्यटक सर्किट बना कर भीड़ में भटकते पर्यटक को आसरा देना चाहिए। मसलन पौंग और कौल डैम के अलावा भाखड़ा व अन्य झीलों के किनारे पर्यटक मेले लगा कर एक वर्ग को संतुष्ट किया जा सकता है।

ट्रंप की चौधराहट की सच्चाई की खुली पोल

अमेरिकी उपराष्ट्रपति जेडी वेंस ने इन चुनाव परिणामों पर जिस कदर अपने विचार रखे, सोशल मीडिया पर उस धमाकेदार पोस्ट से पार्टी के अंदर बड़ा भूचाल आ गया है। वेंस ने माना कि पार्टी के हारने की असली वजह ईरान के साथ जंग, आसमान छूती महंगाई और इजराइल से जुड़े रिश्ते हैं। जबकि ट्रंप शुरु से इन तीनों मसलों को सिरे से खारिज करते आ रहे हैं। ईरान के साथ जंग, उसे पाषाण युग में भेजने का ऐलान हो या फिर टैरिफ वॉर के बाद उपजे आर्थिक हालात, घरेलू राजनीति पर उसका असर और अपने अहंकारी व्यवहार, अपने दूसरे कार्यकाल की शुरुआत से ही उनकी कार्यशैली पर सवालिया निशान लगाते आए हैं।



अमेरिकी मिडटर्म चुनावों में रिपब्लिकन पार्टी बुरी तरह हार गई। इस हार के बाद पार्टी ही नहीं, देश की घरेलू राजनीति में भूचाल सा आ गया है। हर कोई इस मसले पर चर्चा में व्यस्त है कि दुनिया के ताकतवर देश के राष्ट्रपति की पार्टी चुनाव में क्यूं हार गई। तरह तरह के कयास लगाए जा रहे हैं और कारणों को तलाशा जा रहा है। डोनाल्ड ट्रंप की रिपब्लिकन पार्टी के भीतर भी आश्चर्य व्यक्त किया जा रहा है। दुनिया भर के लोग ट्रंप की पार्टी की हार पर इसलिए खुशियां नहीं मना रहे हैं कि उनकी पार्टी मिडटर्म चुनाव में हार गई, बल्कि इसलिए खुशियां मना रहे हैं कि डोनाल्ड ट्रंप के अहंकार की हार हो गई, उनकी सनक और ठसक धराशाही हो गई। अमेरिकी उपराष्ट्रपति जेडी वेंस ने इन चुनाव परिणामों पर जिस कदर अपने विचार रखे, सोशल मीडिया पर उस धमाकेदार पोस्ट से पार्टी के अंदर बड़ा भूचाल आ गया है। वेंस ने माना कि पार्टी के हारने की असली वजह ईरान के साथ जंग, आसमान छूती महंगाई और इजराइल से जुड़े रिश्ते हैं। जबकि ट्रंप शुरु से इन तीनों मसलों को सिरे से खारिज करते आ रहे हैं। ईरान के साथ जंग, उसे पाषाण युग में भेजने का ऐलान हो या फिर टैरिफ वॉर के बाद उपजे आर्थिक हालात, घरेलू राजनीति पर उसका असर और अपने अहंकारी व्यवहार, अपने दूसरे कार्यकाल की शुरुआत से ही उनकी कार्यशैली पर सवालिया निशान लगाते आए हैं। जेडी वैंस ने अपने बयान में पार्टी नेताओं को चेतावनी दी है कि वो हार की वजहों से ध्यान न भटकाएं और अपनी विदेश नीति की गलतियों को सुधारें। जेडी वेंस ने एक तरह से पार्टी के अंदर की कलह दुनिया के सामने लाकर रख दी है। हम ईरान जंग की वजह से हारे, यह कहते हुए जेडी वेंस ने एक तरह से ट्रंप को दी चेतावनी देते हुए कह भी दिया कि विदेश नीति में सुधार लाना होगा। दरअसल, अमेरिका के मिडटर्म चुनावों के नतीजों ने वाशिंगटन की सियासत को पूरी तरह हिलाकर रख दिया है। रिपब्लिकन पार्टी की इस करारी हार के बाद अब पार्टी के अंदर ही घमासान और बयानों का दौर शुरू हो गया है। सबसे बड़ा हमला खुद अमेरिका के उपराष्ट्रपति जेडी वेंस ने किया है। जेडी वेंस ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक बहुत लंबा पोस्ट लिखा जिसमें उन्होंने बिना किसी झिझक के साफ कह दिया कि रिपब्लिकन पार्टी की इस ऐतिहासिक हार की सबसे बड़ी वजह ईरान के साथ चल रही जंग, आसमान छूती महंगाई और इजराइल के साथ अमेरिका के रिश्ते हैं। वेंस का ये बयान अमेरिकी राजनीति में भूचाल लाने के लिए काफी है, क्योंकि ये पहली बार है जब प्रशासन का कोई इतना बड़ा चेहरा सीधे तौर पर विदेश नीति की फेलियर को अपनी हार का कारण मान रहा है। वोटर टर्नआउट मुद्दा नहीं था, लोगों ने पाला बदल लिया। अक्सर चुनाव हारने के बाद राजनीतिक पार्टियां ये बहाना बनाती हैं कि उनके समर्थक वोट देने घर से बाहर निकले ही नहीं, लेकिन जेडी वेंस ने इस तर्क को सिरे से खारिज कर दिया। उन्होंने लिखा कि हमारे वोटरों ने मतदान में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। समस्या टर्नआउट की नहीं थी। सबसे बड़ी समस्या ये थी कि जिन लोगों ने 2024 के राष्ट्रपति चुनाव में डोनाल्ड ट्रंप और मुझे वोट दिया था, उनमें से बहुत से लोगों ने इस बार 2026 में डेमोक्रेटिक पार्टी को वोट दे दिया। अमेरिका में ट्रंप मैजिक दो साल में ही फुस्स हो गया। उन्होंने ऐसी कौन सी गलती कर दी इस चुनाव ने रिपब्लिकन की नाव को डूबो दिया। इस चुनाव परिणाम का तात्कालिक असर यह दिखाई दिया कि चुनाव हारते ही ट्रंप का कुनबा बिखर गया। चुनाव में उनके कई नजदीकी व्यक्ति हार गए और खासकर वे लोग जो इन दो सालों में ट्रंप के लिए घरेलू और बाहरी नीतियां बनाने में और सलाहकार की भूमिका निभाते आ रहे थे। परिणाम का सबसे तगड़ा झटका तो जेडी वेंस ने दिया जो अब ट्रंप से दूरी बना रहे हैं। चुनाव परिणाम का ठीकरा हेगसेथ के सिर फोड़कर उसे बलि का बकरा बनाया जा रहा है। वेंस के अनुसार चुनाव से ठीक पहले रिपब्लिकन डेटा विश्लेषकों को लग रहा था कि स्थिति बहुत अच्छी है और कई राज्यों में वोटिंग बहुत शानदार हो रही है, लेकिन जब एक पोलस्टर ने गहराई से आंकड़े निकाले, तो सच सामने आ गया। 2024 में ट्रंप के समर्थक रहे लोग अब गुस्से में थे और डेमोक्रेट्स का रुख कर रहे थे। जेडी वेंस के अनुसार जब उनकी पार्टी के पोलस्टर ने निराश और नाराज वोटरों से पूछा कि वो किस शर्त पर रिपब्लिकन पार्टी के पास वापस लौट सकते हैं, तो जनता ने चार मुख्य मांगें रखीं। पहली ईरान के साथ जंग को तुरंत खत्म किया जाए। दूसरी देश में बढ़ती महंगाई और कॉस्ट ऑफ लिविंग पर ध्यान दिया जाए। तीसरी अमेरिका फर्स्ट की नीति पर सचमुच अमल किया जाए और चौथी, इजराइल के साथ अमेरिका के मौजूदा संबंधों में बदलाव लाया जाए। वेंस ने सीधे तौर पर कहा कि हमारी हार का असली कारण ये जंग ही है। खुद राष्ट्रपति ट्रंप ने भी इस बात को स्वीकार किया है। उन्होंने जोर देकर कहा कि अगर रिपब्लिकन पार्टी को अपने भविष्य के बारे में ईमानदारी से चर्चा करनी है, तो उसे इस युद्ध के असर से ही शुरुआत करनी होगी। बताया जा रहा है कि युद्ध के बीच अमेरिका में कुछ दक्षिणपंथी और कंजर्वेटिव विचारकों ने सरकार को कूटनीतिक रास्ता अपनाने की सलाह दी थी। इनमें जानी-मानी कंजर्वेटिव कमेंटेटर रेचल कैंपोस-डफी भी शामिल थीं। जब उन्होंने ईरान के साथ बातचीत के जरिए मसला सुलझाने की बात कही, तो रिपब्लिकन पार्टी के कट्टरपंथियों ने उनकी जमकर आलोचना की थी। उपराष्ट्रपति वेंस ने अपने पोस्ट में रेचल का खुलकर बचाव करते हुए कहा कि रेचल ने जो सलाह दी थी, वो राजनीतिक और कूटनीतिक रूप से बिल्कुल सही साबित हुई है।

समाज को दुर्बल करने वाले नियम-कानून

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के एक प्रमुख पदाधिकारी सुनील आंबेकर ने कुछ ही दिन पहले कहा था कि यूजीसी यानी विश्वविद्यालय अनुदान आयोग के नए नियम असंतुलित हैं। अब सरकार ने भी सुप्रीम कोर्ट के समक्ष कहा कि यूजीसी नियमों को लेकर छात्रों की चिंताओं और आपत्तियों पर नए सिरे से विचार किया जा रहा है और वह इन नियमों की समीक्षा के लिए एक समिति गठित करने पर भी विचार कर रही है, ताकि किसी भी वर्ग के छात्रों में असंतोष या भेदभाव की आशंका न रहे। इसी वर्ष के प्रारंभ में अधिसूचित किए गए यूजीसी के नए नियमों के अनुसार शिक्षण संस्थानों में एससी-एसटी और ओबीसी वर्ग के छात्र, कर्मचारी, शिक्षक आदि की हर शिकायत पर कार्रवाई होगी, जबकि अन्य जातियों के लोगों को यह सुविधा नहीं मिलेगी। इनमें परोक्ष मान्यता थी कि कुछ जातियों के लोग विश्वसनीय हैं, जबकि अन्य अविश्वसनीय। आखिर शिकायत सुनने में भेदभाव क्यों करना? ऐसे नियमों पर तो डा. आंबेडकर को भी हैरत होती, क्योंकि इनमें कोई न्याय नहीं, बल्कि भेदभाव झलकता था। आधिकारिक रूप से किसी संपूर्ण जाति समूह को स्थायी रूप से दोषी, निर्दोष या विश्वसनीय, अविश्वसनीय मान लेना धक्का पहुंचाने वाली बात है। इससे बिना वजह दो समूहों में दुराव होता है।



जब किसी विश्वविद्यालय के किसी छात्र समूह ने ऐसी मांग नहीं की थी कि उसकी शिकायत पर कार्रवाई हो, जबकि दूसरे की शिकायत की उपेक्षा की जाए, तब यूजीसी के नए नियम अकारण किसी समूह के प्रति दूसरे में अनुपयुक्त भाव ही पैदा करते। कौन विवेकशील इसे उचित मानता? ऐसा कुछ संविधान निर्माताओं की कल्पना में नहीं था। तभी सुप्रीम कोर्ट ने इस पर रोक लगाई। सरकार को पहले ही इस सच पर ध्यान देना चाहिए था कि ऐसे नियमों से शिक्षा संस्थानों में अस्वस्थ भाव, आपसी भय और संदेह बढ़ता। बहुत से लोग ऐसे कदमों को राजनीति प्रेरित मानते हैं। इसीलिए सभी दल इस पर एक तरह की चुप्पी या उदासीनता रखते हैं, किंतु यह वृहद हिंदू समाज के लिए अहितकर है। उसके अंदर ही विविध नेता सामाजिक न्याय के नाम पर अन्याय का दायरा बढ़ाते रहते हैं। इससे हिंदू एकता कैसे बनेगी? जब हिंदू ही एक नहीं होंगे तो देश के लिए भी इसके तात्कालिक और दूरगामी असर होंगे। समस्या यह है कि सभी दल इस व्यापक पहलू की उपेक्षा करते हैं। यूजीसी के नए नियम तमाम शैक्षिक संस्थानों में छात्रों, शिक्षकों, कर्मियों को आपसी संदेह, डर और आक्रोश में उलझाने वाले थे। ये नियम शिक्षा संस्थानों के परिवेश को असहज ही बनाते। यदि नए नियम लागू हो जाते तो वे उन छात्रों के प्रति भी अन्याय का कारण बनते, जिनके हित का दावा करते हुए यूजीसी ने उन्हें बनाया था। इससे विशेष जातियों के शिक्षक या प्रशासक छात्रों या अधीनस्थ कर्मचारी को उसकी गलती के लिए कुछ कहने में भी डरते। उन्हें यह डर होता कि किसी भी बात पर यदि जातिगत उत्पीड़न की शिकायत हो गई तो नाहक फंसेंगे। दूरगामी दृष्टि से देखा जाए तो यूजीसी के नए नियम एक दुष्चक्र थे। ऐसे दुष्चक्र तोड़ने के बदले सभी दल उन्हें समर्थन देकर फायदे की प्रतियोगिता करते प्रतीत होते हैं। इसी से जातिवादी राजनीति फलती-फूलती है। यूजीसी के नए नियम इसलिए भी अनावश्यक थे, क्योंकि 'अनुसूचित जाति और जनजाति (अत्याचार) कानून' के रूप में पहले से ही एक कड़ी व्यवस्था मौजूद है। उसके प्रविधान इतने कठोर हैं कि 2018 में सुप्रीम कोर्ट ने एक फैसले में उसमें कुछ राहत दी थी, ताकि झूठी शिकायतों पर किसी को दंडित न होना पड़े। हालांकि संसद ने संविधान-संशोधन कर उस फैसले को निरस्त कर दिया। फलतः इस कानून का दुरुपयोग बढ़ गया। आए-दिन शातिर या बदले की भावना से भरे लोग सामान्य और ओबीसी वर्ग के किसी व्यक्ति पर प्रताड़ना का आरोप लगाकर ब्लैकमेल करते रहते हैं। इसलिए ऐसे सभी एकतरफा कानूनों में सुधार की जरूरत है। इन्हें सामाजिक न्याय का नाम देना न्याय को विद्रूप करना है। न्याय का स्थापित दर्शन यह है कि न्याय न केवल हो, बल्कि होता हुआ भी दिखे। जातिगत आधार पर नई-नई सुविधाओं या वंचनाओं में इस दर्शन की उपेक्षा हो रही है। एकतरफा नियम-कानून संविधान में उल्लिखित समानता के सिद्धांत और सामान्य मानवीय नैतिकता के भी प्रतिकूल हैं।

भाजपा में कई क्षत्रपों की अग्नि परीक्षा का समय

भाजपा में तेजी से बढ़ता धर्म संकट



सुरेंद्र चतुर्वेदी, जयपुर सेंटर फॉर मीडिया रिसर्च एंड डेवलपमेंट

भाजपा देश की राजनीति में अब उस दौर में पहुंच गई है, जहां से उसको विपक्षी दलों की चुनौती का खतरा नहीं के बराबर है या बहुत कम है। भाजपा के साथ नए पुराने कार्यकर्ताओं और नेताओं का इतना बड़ा जमावड़ा है कि उनमें से विचारधारा के प्रति निष्ठा और सत्ता से करीबी होने या भागीदार बनने की चाहत रखने वाले कार्यकर्ताओं और नेताओं में अंतर करना बहुत मुश्किल कार्य है। ऐसे हजारों कार्यकर्ता मिल जाएंगे जो भाजपा के संघर्ष के साथी रहे हैं लेकिन अब वो बदलती भाजपा के साथ कदम ताल नहीं मिला पाने के कारण पीछे छूट गए हैं। वो किसी भी हालत में भाजपा के विरोध में जाने की सोच भी नहीं सकते। ऐसी परिस्थिति में भाजपा के सामने असली चुनौती क्या है ? क्या पुराने कार्यकर्ताओं और नेताओं का पीछे छूट जाना चुनौती है या भाजपा का व्यापक फैलाव और प्रभाव चुनौती है ? या फिर विपक्ष का निस्तेज और अप्रभावी हो जाना बड़ी समस्या है ? राजनीति के जानकार यह मानते हैं कि भाजपा की सबसे बड़ी चुनौती अधिकतर भाजपा शासित राज्यों में अप्रभावी नेतृत्व को लेकर है। उत्तर प्रदेश में योगी आदित्यनाथ, महाराष्ट्र में देवेंद्र फड़नवीस, असम में हेमंत विश्व सरमा, बंगाल में सुवेंदु अधिकारी और उत्तराखंड में पुष्कर सिंह धामी को छोड़ दिया जाये तो बिहार, उड़ीसा, राजस्थान, हरियाणा, दिल्ली, गुजरात, मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ में भाजपा सरकारों ने उन राज्यों के नागरिकों और कार्यकर्ताओं में सरकार होने की धमक या शासन का अहसास कराने में सफलता प्राप्त नहीं की है। या यूं भी कह सकते हैं कि इन राज्यों के मुख्यमंत्री जनता, संगठन और सरकार पर अपनी पकड़ और पहचान बना पाने में विफल ही साबित हो रहे हैं। इन राज्यों के अलावा हिमाचल प्रदेश, झारखंड और कर्नाटक में भी भाजपा का कोई ऐसा चेहरा सामने नहीं आया है जो पार्टी और कार्यकर्ताओं में भरोसा पैदा करता हो। आश्चर्य की बात है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का पूरा सहयोग होने के बावजूद इन राज्यों का नेतृत्व अपनी चमक और योग्यता का प्रदर्शन नहीं कर पा रहा है। इस सच से भी इनकार नहीं किया जा सकता कि राज्यों में कांग्रेस या अन्य विपक्षी दलों के कमजोर होने और उनकी मुस्लिम तुष्टिकरण की नीतियों के कारण मतदाताओं का बड़ा वर्ग स्वतः रूप से भाजपा के पक्ष में आ खड़ा होता है। लेकिन जैसा समर्थक वर्ग योगी आदित्यनाथ, हेमंत विश्व सरमा या देवेंद्र फड़नवीस के साथ खड़ा नजर आता है वो बाक़ी राज्यों के मुखमंत्रियों के लिए दूर बहुत दूर की बात है। यही कारण है कि इन राज्यों में अफसरशाही हावी है। जिसका नतीजा कार्यकर्ताओं की नाराजगी और मंत्रियों, विधायकों और नेताओं की बेबसी के रूप में सामने आ रहा है।

तो भाजपा के सामने सबसे बड़ी चुनौती ऐसे नेतृत्व को सामने लाने की है जो कार्यकर्ताओं में भरोसा पैदा कर सके। प्रधानमंत्री मोदी के साथ योगी, हेमंता, देवेंद्र और सुवेंदु अधिकारी जैसे मजबूत सेनापतियों की आवश्यकता है, जिनके नेतृत्व की धमक से शासन चले और कार्यकर्ताओं में यह विश्वास पैदा हो सके कि कोई है जो उनके मनोभावों को समझ रहा है। उनकी प्रतिष्ठा के लिए अपनों और परायों से भी लड़ रहा है। प्रधानमंत्री मोदी और गृह मंत्री अमित शाह सिर्फ मौका दे सकते हैं उसको साबित तो जिनको कमान दी है उन्हीं को करना है।

रुपये में उतार-चढ़ाव के बीच आरबीआई का बड़ा कदम

भारतीय रिजर्व बैंक ने इस सप्ताह वित्तीय बाजारों के लिए एक तकनीकी परामर्श समिति का गठन किया। समिति का उद्देश्य मुद्रा बाजार, सरकारी प्रतिभूति बाजार, विदेशी मुद्रा बाजार, डेरिवेटिव बाजार और बाजार संबंधी बुनियादी ढांचे से जुड़े नीतिगत एवं परिचालन संबंधी मुद्दों पर बाजार सहभागियों और अन्य हितधारकों के साथ व्यवस्थित संवाद को बढ़ावा देना है। समिति के अधिकांश सदस्य केंद्रीय बैंक से बाहर के हैं। इससे नीतिगत फैसले लेने और बाजार में हस्तक्षेप से पहले व्यापक एवं तथ्यपरक जानकारी जुटाने में मदद मिलने की उम्मीद है। मौजूदा वैश्विक हालात में भारतीय वित्तीय बाजार में काफी उतार-चढ़ाव देखने को मिला है। पिछले कुछ महीनों के दौरान जहां शेयर और बॉन्ड बाजारों में अस्थिरता रही है वहीं रिजर्व बैंक का ध्यान मुख्य रूप से मुद्रा बाजार पर केंद्रित रहा है। पिछले कुछ कारोबारी सत्रों में रुपये में मजबूती जरूर आई है लेकिन कम से कम ईरान युद्ध शुरू होने के बाद से उस पर काफी दबाव रहा है। भारत के सामने चालू खाते का घाटा बढ़ने के साथ-साथ पूंजी खाते से लगातार धन निकासी की चुनौती भी रही है। विदेशी निवेश आकर्षित करने और विदेशी मुद्रा भंडार के लिए सुरक्षा कवच तैयार करने के उद्देश्य से रिजर्व बैंक ने स्वैप योजनाओं की भी घोषणा की। रुपये में गिरावट को थामने के लिए उसने विदेशी मुद्रा भंडार का इस्तेमाल किया है। चार सितंबर को समाप्त सप्ताह में भारत का विदेशी मुद्रा भंडार 785.7 अरब डॉलर के रिकॉर्ड स्तर पर था, जिसके बाद इसमें करीब 66 अरब डॉलर की गिरावट आई है। रिजर्व बैंक ने सट्टेबाजी पर अंकुश के लिए मुद्रा डेरिवेटिव बाजार में कई तरह की पाबंदियां भी लगाई हैं। इसी संदर्भ में समिति हितधारकों के साथ विचार-विमर्श करेगी। उम्मीद है कि समिति की चर्चाओं और उसके बाद रिजर्व बैंक द्वारा किए जाने वाले उपायों को व्यापक चर्चा के लिए सार्वजनिक किया जाएगा। समिति के कार्यक्षेत्र में शामिल एक प्रमुख विषय है, 'वित्तीय बाजारों को प्रभावित करने वाले उभरते नीतिगत और परिचालन संबंधी मुद्दे, जिनमें रिजर्व बैंक के उपायों का क्रियान्वयन और बाजार में अनपेक्षित बाधाओं की पहचान शामिल है।' इस पर समिति का दृष्टिकोण जानना दिलचस्प होगा। एक अहम मुद्दा केंद्रीय बैंक के हस्तक्षेप का स्तर भी रहा है। जैसा कि एक विशेषज्ञ ने इन्हीं पन्नों पर बताया था वित्त वर्ष 2025-26 में आरबीआई ने सकल घरेलू उत्पाद के करीब 2.5 फीसदी के बराबर सरकारी बॉन्ड खरीदे। यह केंद्र सरकार के शुद्ध उधार का 80 फीसदी से भी अधिक था। इससे सरकारी बॉन्ड पर यील्ड कुछ हद तक कम हुआ और अन्य बाजारों की तुलना में यील्ड का अंतर घटा। इसका पूंजी प्रवाह पर भी असर पड़ा हो सकता है। रिजर्व बैंक ने यह हस्तक्षेप बाजार में नकदी की उपलब्धता बढ़ाने के लिए किया था क्योंकि विदेशी मुद्रा के देश से बाहर जाने और मुद्रा बाजार में किए गए हस्तक्षेप के चलते नकदी की उपलब्धता कम हो गई थी। विदेशी मुद्रा अनिवासी यानी एफसीएनआर जमाओं के तहत बड़ी रकम आने से बाजार में नकदी में उल्लेखनीय वृद्धि हुई। आंकड़ों के मुताबिक वायदा बाजार में रिजर्व बैंक की डॉलर में शुद्ध शॉर्ट पोजिशन करीब 240 अरब डॉलर है। केंद्रीय बैंक बाजार में एक साथ कई मोर्चों पर संतुलन साधने की कोशिश कर रहा है। वैश्विक बाजारों से आने वाले प्रभाव अक्सर उभरती अर्थव्यवस्थाओं के लिए परिस्थितियों को जटिल बना देते हैं लेकिन यह भी समझना होगा कि जैसे-जैसे भारत वैश्विक अर्थव्यवस्था के साथ अधिक एकीकृत हो रहा है और मुक्त व्यापार समझौतों के कारण यह प्रक्रिया तेज हो रही है वैसे-वैसे रिजर्व बैंक के लिए बाजार में बाधा पैदा किए बिना उसके रुझानों और परिणामों को प्रभावित करना मुश्किल होता जाएगा। मसलन पिछले वित्त वर्ष में भारत ने 850 अरब डॉलर से अधिक मूल्य की वस्तुओं और सेवाओं का निर्यात किया जबकि आयात का आंकड़ा 950 अरब डॉलर से अधिक रहा। इस तरह केवल व्यापार खाते के तहत ही एक साल में करीब 2 लाख करोड़ डॉलर की रकम भारतीय सीमाओं के आरपार हुई।

लघु कथा

मेरे हिस्से का घर-परिवार

'देख संगीता, मैं बाज़ार से यह सलेक्स ले आई हूँ। तुम कल कह रही थी न कि तुम्हारी पीली वाली सलेक्स खराब हो गई है? इसलिए यह ले आई। संगीता के चेहरे पर जरा भी खुशी नहीं आई। उसने पूछा, 'कितने की है यह सलेक्स? '

सासू माँ बोलीं, 'छः सौ पचास रुपये की। '

संगीता खीझकर बोली, 'इतनी महँगी सलेक्स लाने की क्या ज़रूरत थी? मुझे नहीं चाहिए। कल वापस कर आइए। ' सासू माँ का चेहरा उतर गया। 'ठीक है,' वे धीमे स्वर में बोलीं और उदास मन से अपने कमरे में चली गईं। अभय यह सब देख रहा था। माँ के जाते ही बोला, 'तुमने ठीक नहीं किया। सलेक्स रख लेती तो क्या हो जाता! अगर दुकान ने कल वापस न ली तो? माँ फिर बाजार जाएँगी, परेशान होंगी। '

संगीता मुस्कुराई, 'आप देखते जाइए... वे कल बाज़ार नहीं जाएँगी। अभय कुछ समझ पाता, इससे पहले ही सासू माँ वापस कमरे में आईं। हाथ में वही सलेक्स थी। बोलीं, 'बहू, कपड़ा बहुत अच्छा है, तुम इसे रख ही लो। ' संगीता ने कहा, 'ठीक है, रख लेती हूँ... लेकिन आगे से मत लाइएगा। ' इतना सुनते ही सासू माँ बच्चों की तरह खिल उठीं, फिर बोलीं, 'इस रिमझिम को देखो, मेरी एक नहीं सुनती! कल झाड़ू लगाते हुए कोनों में कूड़ा छोड़ दिया था। तुम इसे समझा देना–मेरी बात माने, वरना काम से निकाल दूँगी।' इतना कहकर वे रिमझिम को आवाज़ देती बाहर चली गईं। संगीता रसोई की ओर बढ़ने लगी तो अभय बोला, 'जब आखिर में सलेक्स रखनी ही थी तो पहले क्यों नहीं रख ली? ' संगीता हँस दी, 'पहले रख लेती तो कल कुछ और नया ले आतीं। 'अभय बोला, 'सच कहूँ, माँ के साथ निभाना आसान नहीं। तभी तो मेरा कोई भाई-बहन उन्हें अपने साथ नहीं रखना चाहता। संगीता ने पलटकर पूछा, 'पर माँ को साथ नहीं रखेंगे तो बच्चों को दादी का प्यार कौन देगा? और वे रहेंगी कहाँ? अभय ने कहा, 'फिर तुम दोनों सारा दिन नोकझोंक क्यों करती रहती हो? तुम माँ के हर काम में मीन-मेख निकालती हो। ' संगीता बोली, 'देखिए, बच्चे और बुजुर्ग एक जैसे होते हैं। जितनी बात मानो, माँगें उतनी बढ़ती जाएँ। कई बार रोक लगानी पड़ती है। ...लेकिन इसका मतलब यह नहीं कि उनके साथ न रहा जाए। यही तो मेरे हिस्से का घर-परिवार है। ' अभय बोला, 'माँ हर किसी में कमी निकालती रहती हैं। रिमझिम तो उनसे बहुत परेशान है। तुम कह क्यों नहीं देतीं कि माँ अपने कमरे में बैठें, काम तुम संभाल लोगी? ' संगीता ने मुस्कुराते हुए जवाब दिया, 'उन्हें कमरे में बैठा दूँ ताकि वे डिप्रेशन में चली जाएँ?

अमित शाह ने मिशन उत्तराखंड का किया आगाज तीसरी बार भाजपा सरकार बनाने का दिया लक्ष्य

संचार जगत



देहरादून। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने उत्तराखंड के स्थापना दिवस पर देहरादून में आयोजित उत्तराखंड राज्योत्सव समारोह में भाग लिया। इस दौरान उन्होंने भाजपा सरकार के कराए गए विकास कार्यों का उल्लेख किया, वहीं उन्होंने लोकसभा में नेता विपक्ष राहुल गांधी को निशाने पर लिया। उन्होंने कहा कि नेता विपक्ष वोट बचाओ नहीं, घुसपैठिया बचाओ यात्रा निकाल रहे हैं। अमित शाह ने कहा कि देश और देवभूमि से एक-एक घुसपैठिए को बाहर निकाला जाएगा। लेकिन, जब घुसपैठियों को निकालने की बात होती है तो राहुल गांधी के पेट में दर्द होने लगता है। उन्होंने एसआईआर के मुद्दे पर कहा कि मतदाता सूची में घुसपैठियों के नाम नहीं होने चाहिए। उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस तुष्टिकरण की राजनीति करती रही है। कांग्रेस और इनके नेता लगातार राम मंदिर का विरोध करते रहे हैं। उन्होंने विधानसभा चुनाव में भाजपा की जीत का दावा करते हुए कहा कि कई राज्यों में पार्टी लगातार तीसरी बार सरकार बना चुकी है। अब अगली बारी देवभूमि उत्तराखंड की है। इस बार 65 पार का लक्ष्य लेकर चलना है।

राष्ट्रपति, उपराष्ट्रपति, प्रधानमंत्री ने खूंटी हादसे पर जताया दुख, घायलों के जल्द स्वस्थ होने की कामना की

संचार जगत



नई दिल्ली। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु और उपराष्ट्रपति सीपी राधाकृष्णन और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने झारखंड के खूंटी जिले में एक सड़क हादसे में सात लोगों की मौत पर दुख जताया। उन्होंने पीड़ित परिवारों के प्रति संवेदना व्यक्त कीं और घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने झारखंड के खूंटी जिले में हुई सड़क दुर्घटना में लोगों की मृत्यु का समाचार अत्यंत दुखद बताते हुए शोकाकुल परिवारों के प्रति गहन संवेदना व्यक्त की। उपराष्ट्रपति सीपी राधाकृष्णन ने पोस्ट में लिखा कि झारखंड के खूंटी में हुए दुखद सड़क हादसे में लोगों की जान जाने से गहरा दुख हुआ है। पीड़ित परिवारों के प्रति संवेदनाएं व्यक्त करते हुए घायलों के जल्द स्वस्थ होने की कामना की। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सड़क दुर्घटना के दौरान सात लोगों की मौत पर दुख जताया है। उन्होंने पीड़ित परिवारों के प्रति अपनी संवेदनाएं व्यक्त कीं और घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की। यह घटना झारखंड के खूंटी जिले के कर्रा क्षेत्र में गुरुवार रात करीब 10 बजे हुई। कर्रा-तोरपा मुख्य सड़क पर जोने-लुदरू मोड़ के पास एक स्कूटी दुर्घटनाग्रस्त हो गई थी। स्कूटी सवार की मदद के लिए आसपास के ग्रामीण सड़क किनारे जुटे थे। इसी दौरान तोरपा की ओर से तेज रफ्तार में आ रहे 18 पहिए वाले ट्रेलर-ट्रक ने वहां मौजूद लोगों को कुचल दिया था। हादसे में छह लोगों की मौके पर ही मौत हो गई थी, जबकि 12 वर्षीय एक बच्चे ने खूंटी सदर अस्पताल में इलाज के दौरान दम तोड़ दिया था। इस दुर्घटना में एक बच्ची घायल हुई है। गुस्साए लोगों ने कर्रा रेलवे क्रॉसिंग के पास टायर जलाकर मुख्य मार्ग को जाम कर दिया, जिससे इलाके में वाहनों की आवाजाही पूरी तरह ठप हो गई। प्रदर्शनकारियों ने हादसे के लिए जिम्मेदार ट्रेलर ट्रक चालक की तुरंत गिरफ्तारी, मृतकों के परिजनों को सरकारी नौकरी और पीड़ितों के परिवारों को उचित मुआवजे की मांग की। इस घटना पर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने भी दुख जताया। मुख्यमंत्री ने मृतकों के परिजनों के प्रति संवेदना व्यक्त की और घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की।

कलकत्ता हाई कोर्ट ने केएमसी चुनावों पर अंतरिम रोक लगाई

संचार जगत



कोलकाता। कलकत्ता उच्च न्यायालय की खंडपीठ ने पश्चिम बंगाल चुनाव आयोग द्वारा जारी उस अधिसूचना पर अंतरिम रोक लगा दी, जिसमें कोलकाता नगर निगम के नए बोर्ड के गठन के लिए चुनाव की तारीखों की घोषणा की गई थी। केएमसी में वार्डों के हाल ही में पूरे हुए परिसीमन को चुनौती देने वाली मुख्य याचिका, जिसमें वार्डों की संख्या 144 से बढ़ाकर 209 कर दी गई है, कलकत्ता उच्च न्यायालय में जस्टिस हिरण्मय भट्टाचार्य की एकल-न्यायाधीश पीठ के समक्ष लंबित है। जस्टिस सब्यसाची भट्टाचार्य और जस्टिस अर्जुन रॉय की खंडपीठ ने फैसला सुनाया कि केएमसी चुनावों की तारीखों की घोषणा करने वाली अधिसूचना तब तक जारी नहीं की जाएगी, जब तक कि यह मामला जस्टिस हिरण्मय भट्टाचार्य की एकल-न्यायाधीश पीठ के समक्ष सुलझ नहीं जाता। खंडपीठ ने स्पष्ट रूप से कहा कि एकल-न्यायाधीश पीठ यह तय करेगी कि परिसीमन सही था या नहीं और उसके बाद ही मतदान की तारीखों की घोषणा करने वाली अधिसूचना जारी की जाएगी। पश्चिम बंगाल में केएमसी और हावड़ा नगर निगम सहित सात शहरी निकायों के लिए मतदान दिसंबर के अंतिम सप्ताह में होने वाला था और अगले साल जनवरी के पहले सप्ताह में परिणाम घोषित किए जाने की उम्मीद थी। इससे पहले केएमसी में वार्डों के परिसीमन की घोषणा की गई थी, जिसके तहत वार्डों की संख्या 144 से बढ़ाकर 209 कर दी गई।

ज्ञानेश कुमार खिलाफ केरल सरकार ने खोला मोर्चा

संचार जगत



नई दिल्ली। मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार को हटाने के लिए कांग्रेस नेतृत्व अपने अभियान को तेज करने की तैयारी कर रहा है। इसी बीच, केरल ने एक नया मोर्चा खोलते हुए, उनके राज्य सरकार के अधिकारी रहने के दौरान के कथित रिश्वत मामले में विजिलेंस जांच शुरू कर दी है। इन दो घटनाओं ने सीईसी ज्ञानेश कुमार के साथ चल रहे टकराव को एक नया राजनीतिक आयाम दे दिया है। सीईसी ज्ञानेश कुमार पहले से ही इंडिया ब्लॉक की ओर से मतदाता सूची में कथित अनियमितताओं को लेकर चलाए जा रहे अभियान का सामना कर रहे हैं। विपक्ष ने 31 अक्टूबर को सीईसी के खिलाफ एक प्रतीकात्मक सार्वजनिक महाभियोग आयोजित किया था, जिसके बाद एक नवंबर को दिल्ली के रामलीला मैदान में एक बड़ी रैली भी की गई थी। विपक्ष चुनाव संबंधी कथित अनियमितताओं को लेकर उन्हें हटाने की मांग कर रहा है। इस बीच, केरल की इस घटना ने पूरे अभियान को एक नया मोड़ दे दिया है। राज्य के विजिलेंस और भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो ने एक शिकायत के आधार पर प्रारंभिक जांच के आदेश दिए हैं। शिकायत में आरोप लगाया गया है कि जब सीईसी ज्ञानेश कुमार पीडब्ल्यूडी सचिव थे, तब उन्होंने 2 करोड़ रुपये की रिश्वत मांगी थी। यह शिकायत पूर्व ठेकेदार साजन वी.ओ. ने दर्ज कराई है, जो पैटीबेल नाम की उस कंपनी से जुड़े थे, जो केरल राज्य परिवहन परियोजना के सड़क निर्माण कार्यों में शामिल थी।

न्यूजीलैंड में चुनावी मुकाबला हुआ कड़ा

महंगाई और स्वास्थ्य सेवा बना मुद्दा

संचार जगत



वेलिंगटन। न्यूजीलैंड में आज होने वाले आम चुनाव से पहले सत्ताधारी नेशनल पार्टी और विपक्षी लेबर पार्टी के बीच कड़ा मुकाबला हो गया है। मतदाताओं की मुख्य चिंताओं में जीवन-यापन की लागत, स्वास्थ्य सेवा और ईंधन की कीमतें सबसे ऊपर हैं। शुक्रवार को जारी ताजा पोल के अनुसार, लेबर पार्टी 30.7 प्रतिशत के साथ नेशनल पार्टी से थोड़ा आगे है। सरकार में शामिल सहयोगी दल एसीटी और न्यूजीलैंड फर्स्ट को क्रमशः 9.8 प्रतिशत और 12 प्रतिशत समर्थन मिला है। इस पोल के अनुमान के मुताबिक, 120 सीटों वाली संसद में सत्ताधारी गठबंधन को कुल 59 सीटें मिल सकती हैं। यह अपने दम पर सरकार बनाने के लिए जरूरी 61 सीटों के आंकड़े से 2 सीटें कम है। वहीं, लेबर पार्टी, ग्रीन पार्टी और माओरी पार्टी को मिलाकर कुल 55 सीटें मिलने का अनुमान है। चुनाव के आधिकारिक नतीजे 27 नवंबर को घोषित किए जाएंगे।

नगर निगम कर्मचारियों की हड़ताल

धनतेरस के दिन शहर में लगे कचरे के ढेर

संचार जगत

भोपाल। भोपाल में नगर निगम के लगभग 15 हजार कर्मचारी अनिश्चितकालीन हड़ताल पर होने से धनतेरस के दिन सड़कों, बाजारों और रिहायशी इलाकों में कचरे के ढेर लग गए। शुक्रवार को लगातार दूसरे दिन कचरा उठाने का काम ठप रहा। राजधानी के कई हिस्सों में डस्टबिन भर गए हैं और कचरा चारों ओर बिखरा पड़ा है। इससे उन लोगों को काफी परेशानी हो रही है, जिन्होंने दीपावली से पहले अपने घरों की सफाई तो कर ली, लेकिन अब वे घर का कचरा बाहर नहीं फेंक पा रहे हैं।

बीएसएफ जवानों पर हमला करने वाले 18 लोग गिरफ्तार

संचार जगत



अगरतला। त्रिपुरा के सिपाहीजाला जिले में सीमा सुरक्षा बल के जवानों पर हुए बर्बर हमले के मामले में आठ अन्य आरोपियों की गिरफ्तारी हुई है। अब तक गिरफ्तार किए गए लोगों की कुल संख्या बढ़कर 18 हो गई है, जिनमें तीन महिलाएं भी शामिल हैं। भारत-बांग्लादेश अंतरराष्ट्रीय सीमा के पास, कलामचौरा थाना क्षेत्र के आशाबाड़ी गांव में दो नवंबर को हुई घटना के सिलसिले में गुरुवार रात और शुक्रवार तड़के सिपाहीजाला जिले के अलग-अलग इलाकों से आठ लोगों को गिरफ्तार किया गया है। बीएसएफ जवानों पर हुए हमले के तुरंत बाद एक सघन तलाशी अभियान शुरू किया गया था, जो बाकी आरोपियों को पकड़ने के लिए अभी भी जारी है। हाल ही में गिरफ्तार किए गए इन 8 लोगों को जल्द ही सिपाहीजाला जिले की एक स्थानीय अदालत में पेश किया जाएगा। इस मामले में पहले गिरफ्तार किए गए 10 आरोपियों को अदालत में पेश किया जा चुका है। अदालत के आदेश के बाद आरोपियों को पुलिस हिरासत में भेज दिया गया। इस बीच मुख्यमंत्री माणिक साहा ने गुरुवार रात वरिष्ठ सुरक्षा अधिकारियों के साथ एक उच्च-स्तरीय बैठक की। इस बैठक में उन्होंने घटना और राज्य की कानून-व्यवस्था और अशाबारी की घटना की भी समीक्षा की गई।

सात लोगों की हत्या के आरोप में कैब ड्राइवर गिरफ्तार

संचार जगत



बेंगलुरु। बेंगलुरु में पत्नी के परिवार के सात सदस्यों की कथित तौर पर हत्या करने के आरोप में एक कैब ड्राइवर को गिरफ्तार किया गया है। उसने पुलिस को बताया है कि उसने यह जघन्य अपराध कई वर्षों से झेले गए मानसिक उत्पीड़न के कारण किया। आरोपी इंदुशेखर ने पूछताछ के दौरान दावा किया कि उसकी पत्नी ने लगभग 20 वर्षों तक उसे परेशान किया और उसके परिवार वालों ने हमेशा उसी का साथ दिया। पुलिस की पूछताछ के दौरान उसने लंबे समय तक चले मानसिक उत्पीड़न की कई घटनाओं का जिक्र किया। इस चौंकाने वाली घटना ने पूरे कर्नाटक को झकझोर कर रख दिया है। एक ही परिवार के सात सदस्यों की हत्या कर दी गई, जिनमें आरोपी की पत्नी, एक बच्चा, उसकी सास और अन्य रिश्तेदार शामिल हैं। ये हत्याएं लगभग 15 दिनों के अंतराल में की गईं। पुलिस ने उस कार को भी जब्त कर लिया है, जिसका इस्तेमाल कथित तौर पर शवों को ले जाने के लिए किया गया था।

लोकसभा स्पीकर ने श्रीनगर के सांसद का इस्तीफा मंजूर किया



नई दिल्ली। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने श्रीनगर निर्वाचन क्षेत्र का प्रतिनिधित्व करने वाले आगा सैयद रूहुल्लाह मेहदी के लोकसभा सदस्यता से इस्तीफे को औपचारिक रूप से स्वीकार कर लिया है। इसके साथ ही, श्रीनगर-बडगाम लोकसभा सीट रिक्त हो गई है। लोकसभा सचिवालय ने श्रीनगर संसदीय क्षेत्र से सांसद के रूप में आगा सैयद रूहुल्लाह मेहदी के इस्तीफे की औपचारिक अधिसूचना जारी की। अधिसूचना के अनुसार, लोकसभा अध्यक्ष ने 3 नवंबर से उनका इस्तीफा स्वीकार कर लिया है, जिसके बाद श्रीनगर लोकसभा सीट आधिकारिक तौर पर रिक्त हो गई है। सैयद रूहुल्लाह मेहदी ने जम्मू-कश्मीर की सत्ताधारी नेशनल कॉन्फ्रेंस से बगावत करते हुए मंगलवार को पार्टी और अपनी संसदीय सीट से इस्तीफा देने की घोषणा की।

हाईकोर्ट ने सरकार के फैसले को निरस्त किया

संचार जगत

रांची। झारखंड हाईकोर्ट ने झारखंड कर्मचारी चयन आयोग की संयुक्त स्नातक स्तरीय परीक्षा और इसके आधार पर हुई नियुक्तियों को रद्द करने के राज्य सरकार के फैसले को निरस्त कर दिया है। न्यायमूर्ति दीपक रोशन की अदालत ने सफल अभ्यर्थियों की याचिकाओं पर सुनवाई के बाद यह फैसला सुनाया। इससे सीजीएल के जरिए चयनित और नियुक्त अभ्यर्थियों को बड़ी राहत मिली है। हालांकि, परीक्षा में कथित गड़बड़ियों की जांच जारी रहेगी। राज्य सरकार ने सीआईडी की जांच रिपोर्ट और अभ्यर्थियों के आंदोलन का हवाला देते हुए 18 अगस्त को सीजीएल सहित कुछ भर्ती परीक्षाओं और उनके आधार पर हुई नियुक्तियों को रद्द करने का आदेश जारी किया था। इस फैसले को चुनौती देते हुए सफल अभ्यर्थी आकाश गौरव और अन्य ने हाईकोर्ट में याचिकाएं दाखिल की थीं। याचिकाकर्ताओं का तर्क था कि कथित गड़बड़ी में शामिल लोगों की पहचान की जा सकती है। ऐसे में कुछ अभ्यर्थियों की कथित गलतियों के लिए पूरी चयन प्रक्रिया और सभी नियुक्तियों को रद्द करना उचित नहीं है। राज्य सरकार ने अदालत में सीलबंद रिपोर्ट सौंपकर भर्ती प्रक्रिया में बड़े पैमाने पर अनियमितताओं और व्यवस्था की विफलता का पक्ष रखा था। हाईकोर्ट के ताजा फैसले से सीजीएल नियुक्तियों को रद्द करने के सरकार के आदेश को झटका लगा है।

इरफान अंसारी के बयान पर नकवी का पलटवार

संचार जगत



नई दिल्ली। इरफान अंसारी के बयान पर भारतीय जनता पार्टी के नेता मुख्तार अब्बास नकवी ने कांग्रेस और राहुल गांधी पर तीखा हमला बोला। उन्होंने कहा कि कुछ लोग चुनौतियों के सामने बिखर जाते हैं, जबकि पीएम नरेंद्र मोदी संकटों के बीच भी देश के सरोकारों के लिए मजबूती से आगे बढ़ते रहे हैं। नकवी ने कांग्रेस के रिजीम चेंज वाले राग को सुबह दिखकर शाम तक गायब हो जाने वाला बताया। इरफान अंसारी के बयान पर भाजपा नेता मुख्तार अब्बास नकवी ने कहा, एक चीज मैं देखता हूं कि कुछ लोग चुनौतियों के सामने बिखर जाते हैं और कुछ लोग चुनौतियों के सामने निखर जाते हैं। नरेंद्र मोदी इसी तरह के संकटों और कंटकों के बीच लगातार मजबूती के साथ राष्ट्र के सरोकारों और देश के लोगों के सरोकारों के प्रति समर्पित भाव से आगे बढ़ते रहे हैं। उन्होंने कहा कि जो तूफानों में बढ़ते जा रहे हैं, वही हर दिन निखरते जा रहे हैं। जो लोग यह समझते हैं कि अराजकता और अराजक तंत्र के अखाड़े में स्थिरता का नगाड़ा बजाकर कोई बहुत बड़ी सफलता हासिल कर पाएंगे, वे हर दिन अपने ही दांव और अपने ही पेंच में उलझते जा रहे हैं। भाजपा नेता ने कहा कि कांग्रेस पार्टी, राहुल गांधी या कांग्रेस एंड कंपनी, इनका जो रवैया है, वह हर दिन दिखाई पड़ता है। ये तथाकथित रिजेक्टेड फैमिली के लोग, जो फैमिली फोटो फ्रेम में फिक्स हैं, उनका रिजीम चेंज का राग हर दिन नए-नए रंग और नए रूप में दिखाई पड़ता है। एक दिन सुबह दिखाई पड़ता है और शाम तक गायब हो जाता है। उन्होंने कहा कि अग्निवीर के मामले को लेकर कुछ राजनीतिक पार्टियां और नेता जिस तरह की राजनीतिक अग्निवर्षा चला रहे थे, उन्हें एक बार फिर झटका लगा है।

सैलजा ने बढ़ते वायु प्रदूषण पर जताई चिंता

संचार जगत

सिरसा। पूर्व केंद्रीय कैबिनेट मंत्री कुमारी सैलजा ने दिल्ली-एनसीआर और हरियाणा के विभिन्न शहरों में बढ़ते वायु प्रदूषण पर गहरी चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि स्वच्छ हवा उपलब्ध कराना सरकारों की संवैधानिक और नैतिक जिम्मेदारी है। प्रदूषण के लिए एक-दूसरे को दोषी ठहराने से जनता को राहत नहीं मिलेगी। कुमारी सैलजा ने कहा कि जब दिल्ली में आम आदमी पार्टी की सरकार थी, तब प्रदूषण के लिए पंजाब को जिम्मेदार ठहराया जाता था। आज दिल्ली में भाजपा की सरकार है और वह भी पंजाब की आम आदमी पार्टी सरकार पर आरोप लगा रही है। सवाल यह है कि दोनों दलों ने अपने-अपने शासनकाल में प्रदूषण रोकने के लिए कितने प्रभावी और स्थायी कदम उठाए? सांसद ने कहाकि भाजपा ने दिल्ली में सत्ता संभालते समय प्रदूषण नियंत्रण और यमुना की सफाई के बड़े-बड़े वादे किए थे, लेकिन जनता आज भी परिणामों की प्रतीक्षा कर रही है। केंद्र में लगभग 12 वर्षों से भाजपा के नेतृत्व वाली सरकार है। उसे बताना चाहिए कि इस अवधि में नदियों की सफाई और प्रदूषण नियंत्रण पर कितनी धनराशि खर्च हुई तथा उसके क्या परिणाम निकले। उन्होंने कहा कि हरियाणा की जीवनदायिनी घग्गर नदी का प्रदूषण भी गंभीर चिंता का विषय है। कई स्थानों पर इसके पानी की गुणवत्ता और सिंचाई में उपयोग की उपयुक्तता पर सवाल उठ रहे हैं। सरकार को घग्गर में औद्योगिक अपशिष्ट और दूषित पानी के प्रवाह को रोकने के लिए ठोस कार्रवाई करनी चाहिए। कुमारी सैलजा ने केंद्र, दिल्ली, हरियाणा और पंजाब की सरकारों से तत्काल इन मसलों पर समयबद्ध कार्ययोजना बनाएं जाने की मांग की।

वूलन मार्केट में लगी आग से सामान जलकर राख



संचार जगत

अलीगढ़। उत्तर प्रदेश के अलीगढ़ में धनतेरस के दिन आग लगने से इलाके में हड़कंप मच गया। घटना रामघाट रोड स्थित लुधियाना वूलन मार्केट की है जहां सुबह करीब 9:30 बजे आग लग गई। सूचना पर पहुंची फायर ब्रिगेड की गाड़ियों ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। हालांकि, तब तक करोड़ों का नुकसान हो गया। पीड़ित दुकानदार ने बताया कि इस घटना में लगभग 2.5 करोड़ रुपए का सामान जलकर खाक हो गया। आग लगने के समय कई दुकानदार मार्केट के अंदर सो रहे थे। एक युवक ने आग देखकर आवाज लगाई। जब तक लोग उठे, लपटें इतनी फैल चुकी थीं कि उन पर काबू पाना मुश्किल हो गया। वहीं, दिल्ली के गफ्फार मार्केट में भी शुक्रवार तड़के मोबाइल एक्सेसरीज की एक दुकान में भीषण आग लग गई। आग चार मंजिला कमर्शियल बिल्डिंग की सभी मंजिलों तक फैल गई। आग पर काबू पाने के लिए लगभग 20-25 दमकल गाड़ियां मौके पर तैनात की गईं।

वीडियोकॉन के वेणुगोपाल धूत दिवालिया घोषित एसबीआई 12,668 करोड़ रुपए की करेगा वसूली

संचार जगत



नई दिल्ली। नेशनल कंपनी लॉ ट्रिब्यूनल ने वीडियोकॉन इंडस्ट्रीज के पूर्व प्रमोटर वेणुगोपाल नंदलाल धूत को दिवालिया घोषित कर दिया है। ट्रिब्यूनल ने स्टेट बैंक ऑफ इंडिया की उस याचिका को स्वीकार कर लिया, जिसमें वीडियोकॉन समूह की कंपनियों को दिए गए लोन के लिए दी गई व्यक्तिगत गारंटी के एवज में 12,668 करोड़ रुपए से अधिक की बकाया राशि वसूलने की मांग की गई थी। ट्रिब्यूनल की मुंबई बेंच ने इनसॉल्वेंसी एंड बैंकरप्सी कोड की धारा 123 के तहत एसबीआई की याचिका को स्वीकार कर लिया है। इससे धूत के खिलाफ एक पर्सनल गारंटर के तौर पर दिवालियापन की कार्यवाही शुरू करने का रास्ता साफ हो गया है। यह आदेश तब आया है, जब लेनदारों द्वारा भुगतान योजना को खारिज कर दिए जाने के बाद धूत की पर्सनल इनसॉल्वेंसी रिजॉल्यूशन प्रक्रिया विफल हो गई।

पराली जलाने पर 46.10 लाख रुपए का लगाया जुर्माना

पटियाला। पंजाब में धान की पराली जलाने की घटनाएं लगातार प्रशासन के लिए चुनौती बनी हुई हैं। पंजाब प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड की रिपोर्ट के अनुसार राज्य में पराली जलाने की 2 हजार 787 घटनाएं दर्ज की गई हैं। पराली जलाने के मामलों में पर्यावरणीय मुआवजे के तहत 914 मामलों में कुल 46.10 लाख रुपए का जुर्माना लगाया गया है। इसमें से अब तक 24.85 लाख रुपए की वसूली की जा चुकी है। वहीं, पराली जलाने के मामलों में 710 एफआईआर दर्ज की गई हैं। इसके अलावा 829 मामलों में राजस्व रिकॉर्ड में रेड एंट्री की गई है।

यूएनएससी चुनाव में भारत ने शांति स्थापना को बताया प्राथमिकता

संचार जगत



संयुक्त राष्ट्र। भारत ने कहा है कि सुरक्षा परिषद में चुनाव लड़ने के दौरान शांति स्थापना को मजबूत करना उसकी प्राथमिकता है। इसके साथ ही, भारत ने शांति अभियानों को सुदृढ़ करने और शांति सैनिकों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के प्रति अपनी दृढ़ प्रतिबद्धता जताई है। भारत के मिशन में सैन्य सलाहकार कर्नल तरुणेंद्र प्रताप सिंह ने कहा कि हम शांति स्थापना को इस संस्था के मुख्य उद्देश्य के लिए अपरिहार्य मानते हैं। सिंह ने महासभा की चौथी समिति में शांति स्थापना अभियानों की व्यापक समीक्षा पर आयोजित वार्षिक बहस के दौरान कहा कि भारत ने 2028-29 के कार्यकाल के लिए सुरक्षा परिषद में अपनी उम्मीदवारी के लिए इसे एक प्राथमिकता के रूप में चुना है। इस कार्यकाल के लिए परिषद के चुनाव अगले साल होंगे। यह समिति विशेष राजनीतिक मामलों और उपनिवेशवाद-समाप्ति से जुड़े मुद्दों को देखती है। उन्होंने बताया कि भारत ने 50 मिशनों में 3 लाख से अधिक सैनिक तैनात किए हैं, जो हमें अब तक का सबसे बड़ा सैन्य योगदानकर्ता बनाता है। उन्होंने याद दिलाया कि जब भारत पिछली बार सुरक्षा परिषद का अध्यक्ष था, तब उसने शांति सैनिकों की सुरक्षा सुनिश्चित करने और उन पर हमला करने वालों को न्याय के कटघरे में लाने में नेतृत्वकारी भूमिका निभाई थी।

ट्रंप ने ईरान पर और सैन्य कार्रवाई के दिए संकेत



संचार जगत

वाशिंगटन। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने ईरान के खिलाफ और सैन्य कार्रवाई करने का संकेत दिया है। हालांकि, उन्होंने आगे की कार्रवाई के लिए कोई समय-सीमा या लक्ष्य नहीं बताया है। इसी बीच, हाउस के वरिष्ठ डेमोक्रेट्स ने युद्ध को खत्म करने के लिए वोटिंग की योजना बनाई है। वे इस युद्ध के उद्देश्यों और इसमें होने वाले खर्च के बारे में जवाब मांग रहे हैं। व्हाइट हाउस में पत्रकारों से बात करते हुए राष्ट्रपति ट्रंप ने कहा कि अगर संभव हो तो मैं बाकी देश को बर्बाद नहीं करना चाहूंगा, लेकिन शायद मुझे ऐसा करना पड़े। आपको जल्द ही पता चल जाएगा। उन्होंने आगे की कार्रवाई के लिए कोई समय-सीमा या लक्ष्य नहीं बताया और न ही किसी नए हमले का आदेश देने की घोषणा की। इससे पहले, डेमोक्रेट्स अगली कांग्रेस के लिए अपनी विदेश नीति का एजेंडा तैयार कर रहे हैं। उधर, ओवल ऑफिस में एक कार्यक्रम के दौरान, डोनाल्ड ट्रंप ने सैन्य अभियान का बचाव किया। उन्होंने कहा कि आगे क्या करना है, इस पर फैसला लिया जाएगा। उन्होंने अपनी इस बात को भी दोहराया कि ईरान को परमाणु हथियार हासिल नहीं करने चाहिए।

कर्मभूमि एक्सप्रेस के चार डिब्बों में लगी आग

यात्रियों में मची अफरा-तफरी

संचार जगत



राजपुरा। पंजाब के राजपुरा में सराय बंजारा के पास अमृतसर से पश्चिम बंगाल जा रही कर्मभूमि एक्सप्रेस ट्रेन के चार डिब्बों में अचानक आग लगने से यात्रियों में अफरा-तफरी मच गई। ट्रेन के डिब्बों से धुआं निकलता देख यात्रियों में दहशत फैल गई। एहतियात के तौर पर ट्रेन को राजपुरा रेलवे स्टेशन पर रोक दिया गया। ट्रेन के इंजन से पांचवें डिब्बे तक धुआं निकलता दिखाई दिया। इसके बाद रेलवे प्रशासन को घटना की सूचना दी गई और अधिकारियों एवं संबंधित कर्मचारियों को सतर्क किया गया। बताया जा रहा है कि सराय बंजारा क्षेत्र के पास ट्रेन के चार डिब्बे आग की चपेट में आ गए।

ग्राम पंचायतों को मिली गांव की नई सरकार

संचार जगत

टोंक। पंचायतीराज आम चुनाव तृतीय चरण के तहत टोंक जिले की पांच प्रमुख पंचायत समितियों वली, मालपुरा, पचेवर, पीपलू और उनियारा की 153 ग्राम पंचायतों में मतदान के बाद निर्वाचन प्रक्रिया पूरी तरह संपन्न हो गई है। मतों की गणना के बाद नवनिर्वाचित सरपंचों के परिणामों की घोषणा के साथ ग्रामीण इलाकों में चुनावी सरगर्मियों पर विराम लग गया है और गांवों में विकास कार्यों को गति देने के लिए नए जनप्रतिनिधियों ने कमान संभाल ली है।

विवेकानंद सर्किल पर चलाया स्वच्छता अभियान



संचार जगत

टोंक। जिले में दीपावली के पावन पर्व को लेकर आध्यात्मिक, सामाजिक और शैक्षणिक क्षेत्रों में व्यापक उल्लास देखा जा रहा है। त्योहार से पूर्व शहर को स्वच्छ और सुंदर बनाने के लिए विवेकानंद स्मारक पर सामूहिक श्रमदान किया गया। वहीं, रियासतकालीन कोठी नातमाम विद्यालय को आकर्षक सतरंगी रोशनी से सजाया गया। दीपावली से पूर्व सार्वजनिक स्थलों को स्वच्छ रखने के उद्देश्य से पूर्व नगर परिषद सभापति लक्ष्मी जैन के नेतृत्व में विवेकानंद सर्किल पर स्वच्छता अभियान चलाया गया। सामाजिक और राजनीतिक संगठनों के प्रतिनिधियों ने स्मारक और सर्किल परिसर की धुलाई कर साफ-सफाई की। रियासतकालीन ऐतिहासिक धरोहर और केंद्र सरकार की योजना में चयनित पीएमश्री राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय कोठी नातमाम में दीपोत्सव का पर्व भव्यता से मनाया गया।

75 लाख के सोने की गुमशुदगी का पर्दाफाश

संचार जगत

अजमेर। मेड़ता सिटी के एक सर्राफा व्यापारी के साथ 75 लाख रुपये मूल्य के 500 ग्राम सोने की धोखाधड़ी का चौंकाने वाला मामला सामने आया है। व्यापारी के ही विश्वासपात्र नौकर ने अपने दो रिश्तेदारों के साथ मिलकर योजनाबद्ध तरीके से इस वारदात को अंजाम दिया और बाद में बस से सोना चोरी होने का नाटक रचा। हालांकि, पुलिस की तत्परता से साजिश का भंडाफोड़ हो गया और मुख्य आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है। पीड़ित सर्राफा व्यापारी भरत सोनी ने इस मामले में सिविल लाइंस थाने में आपराधिक मामला दर्ज कराया। सिविल लाइंस थाना पुलिस ने मुख्य आरोपी मोहम्मद बिलाल को गिरफ्तार कर लिया है।

धन्वन्तरी, लक्ष्मी जी और ग्रंथों की हुई पूजा

संचार जगत



उदयपुर। राजस्थान विद्यापीठ विश्वविद्यालय में पांच दिवसीय दीपोत्सव के पहले दिन शुक्रवार को धनतेरस पर पंडित डॉ. कुल शेखर व्यास, विशाल शर्मा के सानिध्य में कुलाधिपति भंवर लाल गुर्जर , कुलपति प्रो. मंजु मांडोत द्वारा धन्वन्तरी, लक्ष्मी जी की विधि विधान से पूजा अर्चना की और देश में अमन चेन, सुख शांति की कामना की। कुलाधिपति भंवर लाल गुर्जर ने कहा कि धन्वंतरी की पूजन के साथ ही पांच दीपावली का त्यौहार शुरू हो गया है। प्राचीन पौराणिक साहित्य में वर्णित है कि देवासुर संग्राम की पृष्ठभूमि में अमृत के लिए हुए समुद्र मंथन में चौदह रत्न निकले थे, उनमें एक रत्न भगवान धन्वंतरि थे। जिनके हाथों में अमृत कलश था। इस कारण मान्यता है कि भगवान धन्वंतरि आयुर्वेद के आदि प्रवर्तक है। इसलिए धन्वंतरि को आयुर्वेद दिवस के रूप में भी मनाया जाता है। धन्वन्तरी के ग्रंथों की पूजा एवं उनका स्मरण मात्र से ही समस्त रोगों का नाश हो जाता है। कुलपति प्रो. मंजु मांडोत ने कहा कि धनतेरस का पर्व केवल धन की पूजा का नहीं, बल्कि स्वास्थ्य, ज्ञान और सकारात्मक ऊर्जा का पर्व है। लक्ष्मी जी की कृपा उसी घर में बनी रहती है, जहां स्वच्छता, संस्कार और परिश्रम होता है।

धन्वंतरि जयंती पूजन समारोह आयोजित

संचार जगत



भरतपुर। गलत जीवन शैली, असंतुलित खान-पान और स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता की कमी के कारण तेजी से बढ़ती रोगियों की संख्या पर गहरी चिंता व्यक्त करते हुए स्वामी हरिचेतन्यपुरी महाराज ने चिकित्सा सेवा से जुड़े लोगों से आमजन को जागरूक करने का आह्वान किया है। वे श्री गिर्राज आरोग्य सेवा समिति द्वारा आयोजित धन्वंतरि जयंती पूजन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में बोल रहे थे। स्वामी हरिचेतन्यपुरी महाराज ने स्वास्थ्य के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि आधुनिक समय में अधिकांश बीमारियों का मूल कारण असंतुलित खान-पान, सोने-जागने का अनियमित समय और अकारण तनावग्रस्त जीवन शैली है। उन्होंने कहा कि यदि व्यक्ति अपने खान-पान में सुधार करे और संयमित जीवन शैली को अपनाए, तो अधिकांश गंभीर बीमारियों से आसानी से बचा जा सकता है। इस अवसर पर डॉ. चन्द्र प्रकाश दीक्षित द्वारा आमजन को स्वास्थ्य एवं चिकित्सा के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से आरोग्य चौपाल पहल का शुभारंभ किया गया, जिसके आधिकारिक पोस्टर का विमोचन अतिथियों द्वारा किया गया। समारोह में नागरिकों ने स्वयं नशीले पदार्थों का सेवन न करने और समाज के अन्य लोगों को भी इसके प्रति जागरूक करने का सामूहिक संकल्प लिया।

बाल विवाह मुक्त भारत अभियान की कार्यशाला आयोजित



संचार जगत

चूरू। जिला कलक्टर अभिषेक सुराणा के निर्देशन में महिला अधिकारिता विभाग की ओर से बाल विवाह मुक्त भारत अभियान को लेकर मीडिया कार्यशाला आयोजित की गई। कार्यशाला में महिला अधिकारिता सहायक निदेशक राजेन्द्र शेखावत, पीआरओ सूर्यकान्त कुमावत, पीआरओ मनीष कुमार सहित अधिकारियों, कार्मिकों और मीडिया प्रतिनिधियों ने शिरकत की। बैठक में बाल विवाह जैसी सामाजिक कुरीति के उन्मूलन, जन-जागरूकता के प्रसार तथा अभियान के प्रभावी क्रियान्वयन में मीडिया की भूमिका पर चर्चा की। इस अवसर पर सहायक निदेशक राजेन्द्र शेखावत ने कहा कि बाल विवाह बच्चों के अधिकारों, शिक्षा, स्वास्थ्य एवं उनके उज्ज्वल भविष्य में बाधक है। बाल विवाह मुक्त समाज के निर्माण के लिए प्रशासन, विभागों, मीडिया एवं आमजन को सामूहिक जिम्मेदारी के साथ कार्य करना होगा। उन्होंने मीडिया प्रतिनिधियों से अभियान के संदेश को जन-जन तक पहुंचाने तथा समाज में जागरूकता पैदा करने में सक्रिय सहभागिता निभाने का आग्रह किया। इस अवसर पर सुपरवाइजर कृष्णा ने बाल विवाह मुक्त भारत अभियान, सखी वन स्टॉप सेंटर, पन्नाधाय सुरक्षा एवं सम्मान केन्द्र, मुख्यमंत्री नारी शक्ति उद्यम प्रोत्साहन योजना, शिक्षा सेतु योजना, महिला अधिकारिता विभाग की ओर से संचालित विभिन्न योजनाओं एवं कार्यक्रमों की जानकारी दी।

20 नई एसी इलेक्ट्रिक बसें शुरू



संचार जगत

अजमेर। अजमेर में शहरवासियों और ग्रामीण क्षेत्र के यात्रियों के लिए सार्वजनिक परिवहन की सुविधा बढ़ाई गई है। प्रधानमंत्री ई-बस सेवा योजना के तहत अजमेर में 20 नई एसी इलेक्ट्रिक बसों का संचालन शुरू हो गया है।नौसर घाटी स्थित बस डिपो से विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी और मेयर अनामिका शर्मा ने हरी झंडी दिखाकर बसों को रवाना किया। इन बसों के शुरू होने से शहर के साथ आस-पास के कस्बों और ग्रामीण क्षेत्रों तक आने-जाने की सुविधा मिलेगी। विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री के सहयोग से अजमेर को 100 ई-बसों की सौगात मिली है। नई बसें शहर के विभिन्न इलाकों के साथ ब्यावर, किशनगढ़, नसीराबाद और अराई जैसे कस्बों व ग्रामीण क्षेत्रों को भी जोड़ेंगी। इससे पर्यावरण संरक्षण के साथ आमजन को बेहतर परिवहन सुविधा मिलेगी। अजमेर के लिए कुल 100 इलेक्ट्रिक बसें स्वीकृत हैं। इनमें से 5 बसें पहले से संचालित हैं। अब 20 नई बसें शुरू होने के बाद कुल 25 बसें सेवा में आ गई हैं। इन बसों के संचालन और चार्जिंग के लिए नौसर घाटी में 15 करोड़ रुपए की लागत से आधुनिक बस डिपो और चार्जिंग स्टेशन तैयार किया गया है।

कांग्रेस प्रतिनिधिमंडल ने अशोक गहलोत से की मुलाकात

संचार जगत



भरतपुर। भरतपुर के कांग्रेस कार्यकर्ताओं का एक शिष्टमंडल ने पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत से मुलाकात की। यह शिष्टमंडल जयपुर स्थित उनके निजी आवास पर पहुंचा, जहां सभी सदस्यों ने उन्हें दीपावली की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। मुलाकात के दौरान शिष्टमंडल की अगुआ रेनू गौरावर ने अशोक गहलोत को भरतपुर के वर्तमान राजनीतिक माहौल और स्थानीय समीकरणों से विस्तार से अवगत कराया। इसके साथ ही उन्होंने भरतपुर शहर की वर्तमान चरमराती हुई प्रशासनिक व्यवस्थाओं, नागरिक समस्याओं और स्थानीय मुद्दों की ओर पूर्व मुख्यमंत्री का ध्यान आकर्षित किया।

सुप्रीम कोर्ट ने ओबीसी क्रीमी लेयर आरक्षण के मामले में केंद्र सरकार की संशोधन याचिका को किया खारिज

संचार जगत



नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट ने ओबीसी क्रीमी लेयर आरक्षण के मामले में केंद्र सरकार की संशोधन याचिका को खारिज कर दिया। कोर्ट ने दोहराया कि ओबीसी आरक्षण के लिए क्रीमी लेयर तय करते समय माता-पिता की वेतन से होने वाली आय को शामिल नहीं किया जाएगा। सुप्रीम कोर्ट ने स्पष्ट किया कि क्रीमी लेयर से बाहर रखने का निर्धारण माता-पिता की आय के बजाय उनकी सेवा संबंधी स्थिति और पद के आधार पर किया जाएगा। 11 मार्च को सुप्रीम कोर्ट ने भारत सरकार बनाम रोहित नाथन मामले में ओबीसी नॉन-क्रीमी लेयर के मानदंडों को लेकर बेहद महत्वपूर्ण स्पष्टीकरण दिया था। क्रीमी लेयर का निर्धारण स्टेटस-बेस्ड या पद-आधारित है, न कि पूरी तरह इनकम-बेस्ड। माता-पिता का पद जैसे ग्रुप ए, बी, सी या डी क्या है, यह देखना जरूरी है। सरकार का तर्क था कि अगर 11 मार्च के फैसले को पिछली तारीखों से लागू किया गया, तो साल 2012 से अब तक हो चुकी नियुक्तियों, सेवा आवंटन और सीनियरिटी लिस्ट को दोबारा बदलना पड़ेगा। इससे उन कर्मचारियों पर भी असर पड़ेगा जो इस केस में पक्षकार भी नहीं हैं और प्रशासनिक व्यवस्था पूरी तरह से ठप हो जाएगी।

उदयपुर में मतगणना स्थल पर पत्थरबाजी और आगजनी

संचार जगत



उदयपुर। उदयपुर जिले में गुरुवार देर रात ग्राम पंचायत चुनाव के नतीजे घोषित होने के बाद, एक मतगणना केंद्र पर पथराव और आगजनी की घटनाएं सामने आईं। वहीं, पंचायती राज चुनावों के तीसरे चरण में कई प्रमुख राजनीतिक परिवारों को चुनावी हार का सामना करना पड़ा। उदयपुर जिले की खेरवाड़ा पंचायत समिति के अंतर्गत आने वाली नवाघरा ग्राम पंचायत में, गुरुवार रात करीब 11:30 बजे पुष्पा देवी को विजेता घोषित किए जाने के बाद हिंसा भड़क गई। जब विजेता उम्मीदवार को मतगणना केंद्र से उनके घर ले जाया जा रहा था, तब हारे हुए उम्मीदवार के समर्थक उग्र हो गए। आरोप है कि उन्होंने मतगणना स्थल पर पथराव किया, संपत्ति में आग लगा दी और वहां खड़ी कई गाड़ियों में तोड़फोड़ की। बावलवाड़ा के पुलिसकर्मियों सहित कई पुलिस टीमें मौके पर पहुंचीं और स्थिति को काबू में किया। आग बुझाने के लिए दमकल विभाग की टीम को भी बुलाया गया। एक अन्य घटना में, भरतपुर जिले की बयाना पंचायत समिति के अंतर्गत आने वाली दर बरहना ग्राम पंचायत में वोटों की गिनती के दौरान विवाद हो गया। दो राउंड की गिनती के बाद, विमला कुमारी को शुरुआत में सिर्फ एक वोट से विजेता घोषित किया गया था। हालांकि, विपक्षी उम्मीदवार और उनके समर्थकों ने आरोप लगाया कि तीन वोटों की गिनती नहीं की गई है, जिससे वहां हंगामा हो गया।

आग बुझाने के लिए 18 दमकल अलर्ट

अजमेर। धनतेरस के साथ शुक्रवार से दीपोत्सव के कार्यक्रम शुरू हो गए हैं। अगले 5 दिन तक शहर में दीपावली की रौनक के बीच आगजनी की घटनाओं से निपटने के लिए अग्निशमन विभाग अलर्ट मोड पर रहेगा। बढ़ती भीड़, बाजारों में रोशनी और आतिशबाजी के बीच आग लगने की आशंका को देखते हुए नगर निगम के अग्निशमन विभाग ने विशेष तैयारियां की हैं। शहर के अलग-अलग हिस्सों में 18 फायर ब्रिगेड वाहन तैनात रहेंगे। वहीं, तंग गलियों में तत्काल पहुंचने के लिए 5 फायर बाइक और जीप भी तैयार रखी गई हैं। हालांकि, इस पूरी व्यवस्था में एक अहम पहलू यह भी है कि दमकल विभाग का ज्यादातर फील्ड अमला स्थायी सरकारी कर्मचारी नहीं है। विभाग में कुल 73 कार्मिकों में से केवल 29 स्थायी कर्मचारी हैं जबकि 17 ड्राइवर और 27 फायरमैन प्लेसमेंट एजेंसी के माध्यम से लगाए गए हैं।

नसीराबाद रोड पर सड़क हादसा

कार की खिड़कियों से कूदकर बची यात्रियों की जान



एआई इमेज

संचार जगत

अजमेर। नसीराबाद रोड स्थित आदर्श नगर क्षेत्र में डीएवी शताब्दी स्कूल के सामने एक तेज रफ्तार कार अनियंत्रित होकर भीषण हादसे का शिकार हो गई। अत्यधिक गति के कारण वाहन सड़क पर दो बार पलटा खाते हुए डिवाइडर से टकरा गया और बीच सड़क पर पलट गया। हादसे के तुरंत बाद कार सवार यात्रियों ने सूझबूझ का परिचय दिया और खिड़कियों के रास्ते बाहर कूदकर अपनी जान बचाई। समय रहते बाहर निकलने के कारण बड़ा जानी नुकसान टल गया, हालांकि यात्रियों को चोटें आई हैं। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, देर रात सड़क खाली होने की वजह से कार की गति काफी अधिक थी। अचानक संतुलन बिगड़ने से यह हादसा हुआ। जोरदार आवाज सुनकर आसपास के लोग और राहगीर तुरंत घटनास्थल पर पहुंचे और कार सवारों को सुरक्षित बाहर निकालने और प्राथमिक मदद में जुट गए।

राज ठाकरे ने भाजपा के लोकतंत्र बचाओ मार्च पर उठाए सवाल

संचार जगत



मुंबई। महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना के प्रमुख राज ठाकरे ने भाजपा पर तीखा हमला बोला। उन्होंने सत्ताधारी पार्टी पर तंज कसते हुए कहा कि एक तरफ तो वह देशभर में लोकतंत्र बचाओ मार्च निकाल रही है और दूसरी तरफ स्थानीय निकायों पर कब्जा करने के लिए लोकतांत्रिक जनादेश को दरकिनार कर रही है। सत्ताधारी दल के विपक्ष के खिलाफ सड़कों पर उतरने के विरोधाभास पर निशाना साधते हुए ठाकरे ने पार्टी के इरादों पर सवाल उठाए। उन्होंने कोल्हापुर जिला सहकारी दुग्ध उत्पादक संघ के चुनावों में पार्टी की हालिया चालों का जिक्र किया। भाजपा की रणनीति का मजाक उड़ाते हुए ठाकरे ने इस विडंबना की ओर इशारा किया कि केंद्र से लेकर स्थानीय स्तर तक पूर्ण सत्ता रखने वाली पार्टी संविधान बचाने के नाम पर विरोध प्रदर्शन कर रही है। उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी सचमुच एक अजीब पार्टी है। सत्ता में पूरी तरह से काबिज होने के बावजूद लोकतंत्र बचाने के लिए मार्च निकाल रही है। शायद दुनिया में यह इकलौता ऐसा उदाहरण होगा, जहां सत्ताधारी पार्टी ही विपक्ष के खिलाफ मार्च निकाल रही है।

पाकिस्तान के पंजाब में बस और ट्रक की टक्कर में 11 लोगों की मौत



संचार जगत

इस्लामाबाद। पाकिस्तान के पंजाब प्रांत में पाकपट्टन के पास एक यात्री बस और ट्रक की टक्कर में 11 लोगों की मौत हो गई और 33 अन्य घायल हो गए। सभी घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। हादसे में आठ लोगों को मामूली चोटें आईं, जबकि 25 अन्य लोगों को पाकपट्टन के अस्पताल में भर्ती कराया गया। यह हादसा दीपालपुर रोड पर हुआ। एक यात्री बस मुल्तान से कसूर की ओर जा रही थी, जबकि एक ट्रक विपरीत दिशा से आ रहा था। बस और ट्रक की टक्कर के बाद मौके पर अफरातफरी मच गई। वाहनों में फंसे लोगों को बाहर निकालने के लिए क्रेन और अन्य भारी मशीनों का इस्तेमाल किया गया। अक्टूबर में पाकिस्तान के पंजाब प्रांत में 44 हजार 797 सड़क हादसे हुए, जिनमें 464 लोगों की मौत हो गई और 23 हजार 543 लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। इनमें से लगभग तीन-चौथाई सड़क हादसों में मोटरसाइकिलें शामिल थीं।

मुठभेड़ में तीन अपराधी हुए ढेर



संचार जगत

पटना। पुलिस ने पटना में मुठभेड़ के दौरान तीन अपराधियों को मार गिराया। इस कार्रवाई के दौरान एक पुलिस अधिकारी को भी गोली लगी है, जिन्हें इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया। फिलहाल, पुलिस आगे की कार्रवाई में जुटी है। पुलिस और एसटीएफ को गुप्त सूचना मिली थी कि आधा दर्जन से अधिक अपराधी शेरपुर गंगा नदी किनारे किसी बड़ी आपराधिक घटना को अंजाम देने की फिराक में जुटे हैं। सूचना मिलते ही एसटीएफ और मनेर थाना की पुलिस ने संयुक्त रूप से इलाके में घेराबंदी कर छापेमारी शुरू की। इसी दौरान अपराधियों ने पुलिस टीम को निशाना बनाते हुए अंधाधुंध फायरिंग शुरू कर दी। अचानक हुई गोलीबारी में मनेर थानाध्यक्ष के हाथ में गोली लग गई। इसके बाद पुलिस ने मोर्चा संभालते हुए जवाबी कार्रवाई की। दोनों ओर से करीब 40 से अधिक राउंड गोलियां चलीं। पटना एसएसपी कार्तिकेय के शर्मा के अनुसार, पुलिस की ओर से 18 राउंड और अपराधियों की ओर से लगभग 24 से 25 राउंड फायरिंग की गई। इस मुठभेड़ में तीन अपराधियों की मौत हो गई। घटनास्थल से दो पिस्टल, एक देसी कट्टा और गोलियां बरामद की गई हैं। वहीं, अंधेरे का फायदा उठाकर कुछ अन्य अपराधी भागने में सफल रहे।

रणजी ट्रॉफी : त्रिपुरा ने सौराष्ट्र को हराकर किया बड़ा उलटफेर

नई दिल्ली/संचार जगत

भारत के घरेलू क्रिकेट में रणजी ट्रॉफी का रोमांच जारी है। इसके चौथे राउंड में आखिरकार पृथ्वी शॉ रंग में नजर आए,जिसके चलते महाराष्ट्र की टीम ने बंगाल के विजयी अभियान को रोक दिया। वहीं, इस सीजन 400 रन की पारी से रिकॉर्ड बनाने वाले मिजोरम के चिन्मय सुतार ने एक बार फिर 175 रन की पारी खेलकर बड़ा मुकाम हासिल कर लिया है।

अब पूरी दुनिया में फर्स्ट क्लास क्रिकेट की पहली पांच पारियों में सबसे अधिक 834 रन बनाने का वर्ल्ड रिकॉर्ड उनके नाम हो गया है। चिन्मय के अलावा रणजी ट्रॉफी की कमजोर मानी जाने वाली त्रिपुरा की टीम ने भी बड़ा उलटफेर कर डाला। त्रिपुरा ने पूर्व रणजी चैंपियन सौराष्ट्र को 133 रन से हराकर सभी को चौंका दिया।



त्रिपुरा ने सौराष्ट्र को चौंकाया

अगरतला के मैदान पर खेले गए मुकाबले में त्रिपुरा की टीम से श्रीदम पॉल ने 136 गेंदों में छह चौके और चार छक्के लगाकर 86 रन की पारी खेली थी, जिससे त्रिपुरा की टीम ने पहली पारी में 268 का फाइटिंग टोटल बनाया। इसके मुकाबले सौराष्ट्र का कोई भी बल्लेबाज त्रिपुरा की गेंदबाजी के आगे टिक नहीं सका। नतीजा यह रहा कि सौराष्ट्र की पहली पारी 118 रन पर सिमट गई। पहली पारी में बढ़त हासिल करने वाली त्रिपुरा ने दूसरी पारी में 191 रन का टोटल बनाया और सौराष्ट्र को चेज करने के लिए 342 का विशाल स्कोर दिया, जिसके जवाब में सौराष्ट्र की टीम 208 रन ही बना सकी और त्रिपुरा ने 133 रन के बड़े अंतर से पूर्व रणजी चैंपियन सौराष्ट्र की टीम को ढेर कर दिया।



सुतार ने वर्ल्ड रिकॉर्ड से दिलाई जीत

मिजोरम की टीम से खेलने वाले चिन्मय सुतार ने रणजी ट्रॉफी सीजन में बल्ले से रनों की सुनामी ला रखी है। नागालैंड के खिलाफ 400 रन की नाबाद पारी खेल डाली थी। इसके बाद मेघालय के खिलाफ 125 रन और अब अरुणाचल प्रदेश के खिलाफ 175 रन की मैराथन पारी खेल डाली। इस तरह फर्स्ट क्लास क्रिकेट की दुनिया में पहली पांच पारियों में सबसे अधिक 834 रन बनाने वाले चिन्मय दुनिया के पहले बल्लेबाज बन गए हैं। अरुणाचल प्रदेश की टीम 285 और 257 रन ही बना सकी. इसके चलते मिजोरम को पारी और 29 रन से जीत मिली।

हैदराबाद की एक विकेट से रोचक जीत

हैदराबाद के खिलाफ सिकंदराबाद के मैदान पर छत्तीसगढ़ की टीम ने पहली पारी में 284 रन का मजबूत स्कोर बनाया। मिलिंद ने तीन विकेट तो तीन विकेट रक्षण रेड्डी ने भी झटके। इसके बाद हैदराबाद के लिए राहुल रदेश ने 72 रन की पारी खेली तो उनकी टीम 280 रन ही बना सकी और पहली पारी के आधार पर छत्तीसगढ़ से चार रन पीछे रही। दूसरी पारी में छत्तीसगढ़ ने 254 रन का टोटल बनाया और मयंक वर्मा ने सबसे अधिक 81 रन की पारी खेली, जिससे छत्तीसगढ़ ने हैदराबाद को जीत के लिए 259 रन का लक्ष्य दिया था। 259 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए हैदराबाद के एक समय 220 रन पर 9 विकेट गिर गए थे। अनिकेत ने 39 रन तो रक्षण ने 15 रन की नाबाद पारी खेली। इन दोनों ने दसवें विकेट के लिए 39 रन की साझेदारी करके टीम को हारे हुए मैच में एक विकेट से रोमांचक जीत दिलाई।

खबर संक्षेप



पीएम मोदी से मिले सूर्यकुमार यादव

नई दिल्ली। सूर्यकुमार यादव ने अपने परिवार के सदस्यों के साथ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात की। सूर्यकुमार के साथ उनकी पत्नी देविशा, उनकी नवजात बेटी, उनकी साली दीक्षा, उनके साले अजय शेट्टी और उनकी साली के दो बच्चे राम और सरयू भी थे। इस मुलाकात के दौरान सरयू ने मोदी के सामने एक कन्नड़ गीत भी गाया, जिसे प्रधानमंत्री ने बहुत पसंद किया। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा, 'दीपावली के माहौल में राम और सरयू का आगमन हुआ है। इससे दीपावली का वातावरण और भी पावन एवं दिव्य हो गया है।' भारत ने सूर्यकुमार की अगुवाई में इस साल के शुरू में टी20 विश्व कप में अपने खिताब का सफलतापूर्वक बचाव किया था लेकिन इसके बाद खराब फॉर्म के कारण वह टीम में जगह नहीं बना पाए थे।

चीन चैंपियनशिपः प्रणवी ने किया कट में प्रवेश



शेनजेन। शीर्ष गोल्फर प्रणवी उर्स चीन चैंपियनशिप के दूसरे दौर में एक अंडर 72 का कार्ड खेलकर कट में प्रवेश करने में सफल रहीं। प्रणवी ने शुरुआती दौर में पार 73 का कार्ड खेला था। 36 होल का खेल पूरा होने के बाद वह कुल एक अंडर के स्कोर के साथ संयुक्त रूप से 58वें स्थान पर हैं। एशियाई खेलों की स्वर्ण पदक विजेता प्रणवी ने दूसरे दौर में दो बोगी के मुकाबले तीन बर्डी लगाईं। कट भी एक अंडर के स्कोर पर तय हुआ, जिसमें 67 खिलाड़ियों ने जगह बनाई। शुरुआती दो दौर के खेल के बाद 20 वर्षीय स्थानीय खिलाड़ी लिकी जेंग 12 अंडर पार के स्कोर के साथ तालिका में शीर्ष पर हैं।

वेस्टइंडीज के खिलाफ हसन महमूद ने चटकाए 6 विकेट



सिलहट। बांग्लादेशी तेज गेंदबाज हसन महमूद ने वेस्टइंडीज के खिलाफ दूसरे टेस्ट की पहली पारी में 6 विकेट चटकाए। इसी के साथ हसन ऑस्ट्रेलियाई स्टार नाथन लियोन के बाद ऐसे दूसरे गेंदबाज बन गए, जिन्होंने अपने पहले पांच 'फाइव-विकेट हॉल' पांच अलग-अलग देशों में लिए। हसन महमूद ने सिलहट इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम में जारी इस मुकाबले में 24 ओवर गेंदबाजी की, जिसमें 90 रन देकर 6 शिकार किए। इस दौरान एक ओवर मेडन निकाला। टेस्ट क्रिकेट में यह महमूद का पांचवां 'फाइव-विकेट हॉल' है। महमूद ने साल 2024 में रावलपिंडी में पाकिस्तान के खिलाफ 43 रन देकर 5 शिकार किए थे, जबकि साल 2024 में चेन्नई में भारत के विरुद्ध 83 रन देकर 5 विकेट चटकाए।

आर्यवीर का धमाका, इंडिया अंडर-19 ने नेपाल को हराया



नई दिल्ली/संचार जगत

आर्यवीर सहवाग और लक्ष्य रायचंदानी के नाबाद अर्धशतक की मदद से भारतीय टीम ने अंडर-19 एशिया कप एकदिवसीय क्रिकेट टूर्नामेंट के अपने पहले मैच में नेपाल को 10 विकेट से करारी शिकस्त दी।

ईशान सूद (18 रन देकर 3 विकेट) और अर्जुन राजपूत (8 रन देकर 3 विकेट)) की शानदार गेंदबाजी की मदद से भारत ने नेपाल को 42.3 ओवर में 128 रन पर आउट कर दिया। इसके बाद दिग्गज भारतीय खिलाड़ी वीरेंद्र सहवाग के बेटे आर्यवीर (नाबाद 70) और रायचंदानी (नाबाद 53) ने टीम को आसानी से लक्ष्य तक पहुंचाया। भारत ने केवल 19.1 ओवर में बिना किसी नुकसान के 129 रन बनाकर 185 गेंद शेष रहते जीत हासिल की और इस तरह से अपने अभियान की शानदार शुरुआत की। पहले बल्लेबाजी करने उतरी नेपाल की टीम का स्कोर एक समय चार विकेट पर 51 रन था। उसकी तरफ से दर्श सोनार ने 43 रन और आशीष लूथर के 29 रन का योगदान दिया। सूद ने नेपाल के शीर्ष क्रम को झकझोरा जबकि राजपूत ने पुछल्ले बल्लेबाजों को नहीं टिकने दिया।

आर्यवीर ने की आक्रामक बल्लेबाजी

भारत जब बल्लेबाजी के लिए उतरा तो रायचंदानी ने शुरू में तेजी दिखाई लेकिन इसके बाद आर्यवीर ने अपने आक्रामक तेवरों का शानदार नजारा पेश किया। उन्होंने 52 गेंद की अपनी पारी में 7 चौके और 4 छक्के लगाए। रायचंदानी 63 गेंदों पर 7 चौकों की मदद से 53 रन बनाकर नाबाद रहे। भारत अपना अगला मैच रविवार को पाकिस्तान के खिलाफ खेलेगा।

न्यूजीलैंड के खिलाफ दूसरा वनडे आज

युवा पेसरों के दम पर सीरीज में बढ़त दोगुनी करने उतरेगी टीम इंडिया

नई दिल्ली/संचार जगत

भारत के अनुभवहीन लेकिन प्रतिभाशाली तेज गेंदबाज शनिवार को दूसरे वनडे में चौतरफा आक्रमण से न्यूजीलैंड के बल्लेबाजों पर दबाव बनाकर श्रृंखला में भारत की बढत दुगुनी करने के इरादे से उतरेंगे।

श्रृंखला से पहले भारत के तेज गेंदबाजों की अनुभवहीनता पर काफी सवाल उठे थे लेकिन गुरनूर बराड़, अंशुल कम्बोज और अर्शदीप सिंह ने पहले मैच में यादगार प्रदर्शन करके सभी की धारणा बदल दी।

भारतीय गेंदबाजों को डालनी होगी 'फुललैंग्थ'

अभी तक हरफनमौलाओं के चयन पर जोर देने वाले मुख्य कोच गौतम गंभीर की पसंद भी इससे बदलती नजर आ रही है। ईडन पार्क की बाउंड्री छोटी और सीधी थी लेकिन यहां सीमारेखा छोटी होने के बावजूद आकार चौकोर है, जिसके कारण तेज गेंदबाजों को अपनी लैंग्थ में बदलाव करना होगा। अर्शदीप सिंह की अगुवाई में भारतीय तेज गेंदबाजों ने आकलैंड में मेजबान टीम पर दबाव बनाया लेकिन यहां मैदान के आकार को देखते हुए उन्हें 'फुललैंग्थ' गेंद डालनी होगी।





कम्बोज को टेस्ट का मिला फायदा

अर्शदीप ने पहले मैच में सबसे ज्यादा विकेट लिए लेकिन कम्बोज ने 46 डॉट गेंद डाली। उन्होंने लगातार टेस्ट मैच वाली लैंग्थ से गेंदबाजी की, जिसका फायदा मिला। ईडन पार्क में अर्शदीप और आकिब नबी ने गेंदबाजी का आगाज किया लेकिन कम्बोज की गेंदों को मिल रही मूवमेंट को देखते हुए उन्हें नई गेंद सौंपी जा सकती है । चारों तेज गेंदबाजों में पहले मैच में सिर्फ नबी को विकेट नहीं मिला। उनकी जगह मोहम्मद सिराज को उतारा जा सकता है बशर्ते वह उपलब्ध हों।

बल्लेबाजों को करना होगा प्रदर्शन में सुधार

फील्डिंग कोच शुभदीप घोष ने कहा, 'मुझे नहीं पता , यह टीम प्रबंधन तय करेगा।' बल्लेबाजी में रोहित शर्मा अच्छी पारी खेलना चाहेंगे, जो पहले मैच में पहले ओवर में ही आउट हो गए थे। वेस्टइंडीज के खिलाफ घरेलू श्रृंखला में उन्होंने हालांकि अच्छा प्रदर्शन किया था। विराट कोहली ने पहले मैच में शानदार प्रदर्शन किया और अपनी मर्जी से बाउंड्री लगाकर भारत को लक्ष्य का पीछा करके जीत दिलाने में मदद की। बाकी भारतीय बल्लेबाजों को हालांकि शॉर्ट गेंद ने परेशान किया और उन्हें प्रदर्शन में सुधार करना होगा। श्रेयस अय्यर कई शॉर्ट गेंद का सामना करने के बाद सस्ते में आउट हो गए।

कोंवे सीरीज से बाहर केली टीम में



वेलिंगटन। भारत के खिलाफ वनडे श्रृंखला के दौरान न्यूजीलैंड को करारा झटका लगा जब उसके आक्रामक बल्लेबाज डेवोन कोंवे को अभ्यास के दौरान सिर में चोट लगने (कनकशन) के कारण बाकी मैचों से बाहर हो गए। कोंवे को पहले वनडे से पूर्व लंबी चोट के कारण आकलैंड में अस्पताल ले जाना पड़ा था। बाएं हाथ के बल्लेबाज निक केली को उनकी जगह शनिवार को होने वाले दूसरे मैच में टीम में शामिल किया गया है। न्यूजीलैंड क्रिकेट ने यह जानकारी दी। फील्डिंग के दौरान कोंवे की टक्कर मैट हेनरी से हुई थी हालांकि हेनरी कनकशन से बच गए हैं और चयन के लिए उपलब्ध हैं।

लंदन ओपन : क्वार्टर फाइनल में सेंथिलकुमार



लंदन। भारत के वेलावान सेंथिलकुमार ने लंदन ओपन स्क्वाश के क्वार्टर फाइनल में पहुंच गए। विश्व रैंकिंग में 42वें स्थान पर काबिज सेंथिलकुमार ने पराग्वे के 124वीं वरीयता प्राप्त फ्रांसिस्को मारकांटोनियो को 11-5, 11-7, 14- 12 से हराया। अब उनका सामना दुनिया के 99वें नंबर के खिलाड़ी आमिर खालिद जोसेलिन से होगा। भारत के 167वीं रैंकिंग वाले अयान वाजिराली पहले दौर में ऊंची रैंकिंग वाले बेन स्मिथ से हार गए।

यूईएफए यूरोपा लीग : ओलंपिक मार्सिले ने बायर लेवरकुसेन को दी शिकस्त

नई दिल्ली/संचार जगत

अमीन गौरी के दूसरे हाफ में किए गए गोल की मदद से ओलंपिक मार्सिले ने यूईएफए यूरोपा लीग में बायर लेवरकुसेन पर 1-0 से जीत हासिल की। मेहमान टीम ने बेएरिना में बेहतर शुरुआत की।

गौरी ने पेनल्टी एरिया के अंदर एक लंबे पास को नियंत्रित करने और अपने मार्कर से बचने के बाद शुरुआती मौका गंवा दिया, लेकिन गोलकीपर मार्क फ्लेकेन ने उसे रोक दिया। पहले हाफ में दोनों टीमों में से किसी ने भी लगातार आक्रामक खेल का प्रदर्शन नहीं किया। मेजबान टीम 42वें मिनट में गोल करने के सबसे करीब पहुंची जब मिगुएल गुटिरेज का डिफ्लेक्टेड शॉट क्रॉसबार से टकराया। इसके बाद हाफटाइम से पहले जेरेल क्वांसाह का शॉट थोड़ा वाइड चला गया।



बैडमिंटन

युवा ओलंपिक : 15 साल की तन्वी ने जीती चांदी



नई दिल्ली/संचार जगत

भारत की तन्वी पात्री युवा ओलंपिक की एकल स्पर्धा में रजत पदक जीतने वाली पहली भारतीय महिला बैडमिंटन खिलाड़ी बन गई, जिन्हें फाइनल में चीन की झांग यि शिन ने हराया।

1 घंटा और 22 मिनट तक चले मुकाबले में 15 साल की तन्वी को मौजूदा विश्व जूनियर चैंपियन ने 15-21, 21-13, 26-24 से हराया। तन्वी ने कहा,' यह उपलब्धि मेरे लिए काफी मायने रखती है और इससे आगे अच्छा खेलने की प्रेरणा मिलेगी।' तन्वी से पहले भारत के एचएस प्रणय (2010) और लक्ष्य सेन (2018) ने युवा ओलंपिक में रजत पदक जीता है।

■ रजत पदक जीतने वाली बनीं पहली भारतीय महिला शटलर

भारतीय बैडमिंटन संघ के महासचिव संजय मिश्रा ने कहा,'तन्वी पात्री ने इस ऐतिहासिक उपलब्धि से पूरे देश को गौरवान्वित किया है। पंद्रह वर्ष की उम्र में रजत पदक जीतना असाधारण उपलब्धि और पूरे देश के लिये गर्व का पल है।'

आज से भारत ए और न्यूजीलैंड ए के बीच चार दिवसीय मैच

टेस्ट सीरीज से पहले लय तलाशेंगे बुमराह-जडेजा

नई दिल्ली/संचार जगत

तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह और प्रसिद्ध कृष्णा के साथ अनुभवी ऑलराउंडर रविंद्र जडेजा न्यूजीलैंड के खिलाफ होने वाली टेस्ट श्रृंखला से पहले भारत ए की तरफ से खेलते हुए शनिवार से शुरू होने वाले तीसरे और अंतिम चार दिवसीय मैच में अपनी तैयारी को पुख्ता अंजाम देने की कोशिश करेंगे।

बुमराह ने अपना आखिरी मैच एशियाई खेलों के फाइनल के रूप में 3 अक्टूबर को खेला था। इसके बाद उन्हें कार्यभार प्रबंधन के तहत टी20 और मौजूदा वनडे श्रृंखला के लिए टीम में नहीं रखा गया था। वेलिंगटन में 19 नवंबर से शुरू होने वाले पहले टेस्ट मैच से पहले बुमराह न्यूजीलैंड ए के खिलाफ मैच में यहां की परिस्थितियों से अवगत होने की पूरी कोशिश करेंगे।



चोट से पूरी तरह उबर चुके प्रसिद्ध

भारत ने दो टेस्ट मैचों की श्रृंखला को काफी महत्व दिया है और इसलिए उसके कई सीनियर खिलाड़ी न्यूजीलैंड ए के खिलाफ श्रृंखला में खेल रहे हैं। इससे उन्हें यहां की हवादार और ठंडी परिस्थितियों के अनुकूल होने का मौका मिला है। हैमस्ट्रिंग (मांसपेशियों में खिंचाव) की चोट से पूरी तरह उबर चुके प्रसिद्ध को भी टेस्ट क्रिकेट के लिए टीम में बरकरार रखा गया है। उन्होंने अपना आखिरी मैच 30 सितंबर को गुवाहाटी में वेस्टइंडीज के खिलाफ वनडे के रूप में खेला था।

न्यूजीलैंड पहुंचे जडेजा

सौराष्ट्र के लिए दो रणजी ट्रॉफी मैच खेलने के बाद जडेजा न्यूजीलैंड पहुंचे हैं। उन्होंने इन दो मैच में 7 विकेट लिए और एक शतक बनाया। वनडे टीम में जगह नहीं बना पाने वाले जडेजा रणजी ट्रॉफी की अपनी फॉर्म को यहां भी बरकरार रखने की कोशिश करेंगे। इस श्रृंखला के पहले दो मैच ड्रॉ रहे थे।

शानदार फार्म में पडिक्कल और जुरेल

देवदत्त पडिक्कल और ध्रुव जुरेल इस श्रृंखला में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले खिलाड़ियों में शामिल रहे हैं। यशस्वी जायसवाल ने हैगली ओवल में खेले गए पिछले मैच में नाबाद 155 रन की पारी खेलकर फॉर्म में वापसी की। पहले मैच के बाद वनडे टीम से बाहर किए गए ऑलराउंडर नीतीश रेड्डी को भी लाल गेंद से खेलने का कुछ समय मिलने की उम्मीद है। पिछले दो मैचों में पिचें बल्लेबाजी के लिए अनुकूल साबित हुईं।

▶ कोर्ट ने कहा- पुराने नियमों से नहीं चलेगा काम, वाहन प्रदूषण की बड़ी वजह

दिल्ली में वायु प्रदूषण पर सुप्रीम कोर्ट सख्त

जाम से निपटने के लिए उठाने होंगे कड़े कदम



नई दिल्ली/संचार जगत

दिल्ली-एनसीआर में बढ़ते वायु प्रदूषण पर सुप्रीम कोर्ट ने सख्त रुख अपनाया है। मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत की अध्यक्षता वाली पीठ ने कहा कि वाहनों पर रोक और निर्माण कार्यों पर प्रतिबंध जैसे पुराने उपायों से प्रदूषण कम नहीं होने वाला। इसके लिए कड़े कदम उठाने की जरूरत है। पीठ में न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची और न्यायमूर्ति वी. मोहना भी शामिल थे।

सुनवाई के दौरान सीजेआई सूर्यकांत ने कहा कि दिल्ली में हर तरह की प्रतिभा है, इसलिए पुराने नियमों से काम नहीं चलेगा। उन्होंने कहा कि वाहनों से निकलने वाला धुआं प्रदूषण की प्रमुख वजह है। दिल्ली-एनसीआर में बंपर-टू-बंपर यातायात के बीच अधिकारियों को प्रभावी कदम उठाने होंगे। उन्होंने अधिकारियों से प्रदूषण नियंत्रित करने के लिए उठाए गए कदमों की जानकारी भी मांगी।

प्रदूषण की स्थिति पर जताई चिंता

सुनवाई के दौरान वरिष्ठ अधिवक्ता अपराजिता सिंह ने कहा कि लोग गंभीर परिस्थितियों से गुजर रहे हैं और प्रदूषण के कारण उनकी आवाज तक प्रभावित हो रही है। उन्होंने कहा कि ऐसा महसूस होता है, जैसे लोग रोजाना 30 सिगरेट पी रहे हों। इस पर सीजेआई ने बारिश का जिक्र करते हुए कहा कि इससे सिगरेट की संख्या कुछ कम हुई है। अधिवक्ता ने बताया कि पांच नवंबर को प्रदूषण में पराली जलाने की हिस्सेदारी 14 प्रतिशत थी, जबकि वाहनों से होने वाला प्रदूषण सबसे बड़ी समस्या है। उन्होंने स्थानीय स्तर पर पराली जलाने, कचरा जलाने और वाहनों के इस्तेमाल पर नियंत्रण की जरूरत बताई।

एक्यूआई 400 तक पहुंचने पर चिंता

सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि लगातार चर्चा और बयानबाजी के बावजूद वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) 400 तक पहुंच रहा है। अदालत ने कहा कि दिवाली का समय गरीबों के लिए रोजी-रोटी कमाने का अवसर होता है, लेकिन उन्हें बड़ी कारों और अन्य वाहनों के कारण परेशानी उठानी पड़ती है। पीठ ने किसानों को पराली जलाने से होने वाले आर्थिक नुकसान के प्रति जागरूक करने की जरूरत भी बताई। अदालत के मुताबिक, जब किसान इसके नुकसान को समझेंगे तो वे खुद पराली जलाना बंद कर सकते हैं। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि एक्यूआई बढ़ने की स्थिति में सभी आयु वर्ग के बच्चों की स्कूलों में कक्षाएं बंद करने की मांग वाली याचिका पर विशेषज्ञों की राय के आधार पर फैसला किया जाएगा।

दिल्ली-एनसीआर में ग्रैप-3 हुआ लागू

निर्माण कार्य, खनन और कई वाहनों पर रोक, स्कूलों में हाइब्रिड पढ़ाई का प्रावधान

दिल्ली-एनसीआर में बढ़ते वायु प्रदूषण के बीच वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग (सीएक्यूएम) ने ग्रैप का तीसरा चरण लागू कर दिया है। इसके तहत निर्माण कार्यों, खनन और प्रदूषण फैलाने वाली गतिविधियों पर पाबंदियां लगाई गई हैं। दिल्ली, गुरुग्राम, फरीदाबाद, गाजियाबाद और गौतम बुद्ध नगर में बीएस-3 पेट्रोल और बीएस-4 डीजल की चार पहिया गाडियों पर भी प्रतिबंध का प्रावधान है। ग्रैप-3 के तहत पूरे एनसीआर में स्टोन केरशर और खनन गतिविधियां बंद रहेंगी। पांचवीं तक की कक्षाओं के लिए हाइब्रिड पढ़ाई और सरकारी दफ्तरों में कर्मचारियों के लिए वर्क फ्रॉम होम के निर्देश भी दिए गए हैं। जरूरी परियोजनाओं को निर्धारित शर्तों के साथ निर्माण कार्य जारी रखने की छूट मिल सकती है।

गुरुग्राम में 41 एफआईआर, पटाखे जब्त: प्रदूषण नियंत्रण के लिए गुरुग्राम प्रशासन ने अवैध पटाखों की बिक्री और भंडारण के मामलों में 41 एफआईआर दर्ज की हैं। बड़ी मात्रा में पटाखे जब्त किए गए हैं। वर्क फ्रॉम होम के नियमों का उल्लंघन करने वाले संस्थानों को भी नोटिस जारी किए गए हैं।

वकीलों और कोर्ट स्टाफ को हाईकोर्ट से राहत

इस बीच दिल्ली हाईकोर्ट ने वकीलों और कोर्ट स्टाफ को गैर-दिल्ली पंजीकृत प्री-बीएस-6 वाहनों पर लगे प्रतिबंध से छूट दे दी है। न्यायमूर्ति अमित महाजन ने दिल्ली हाईकोर्ट बार एसोसिएशन की याचिका पर शुक्रवार को यह आदेश दिया। छूट अदालत के कामकाज वाले दिनों में लागू होगी। दिल्ली सरकार ने एक नवंबर से 31 जनवरी तक बीएस-6 मानकों का पालन नहीं करने वाले दूसरे राज्यों में पंजीकृत वाहनों के दिल्ली प्रवेश पर रोक लगाई थी। बार एसोसिएशन ने दलील दी थी कि एनसीआर से बड़ी संख्या में वकील अदालतों में आते हैं और प्रतिबंध से न्यायिक कार्य प्रभावित हो सकता है।

2025 में पैदा हुए 70 हजार हिन्दू और 48 हजार मुस्लिम बच्चे...

भाजपा नेता बोले- मुंबई को मुस्लिम मुंबई बनाने की हो रही साजिश

मुंबई, आरएनएन। भाजपा नेता किरीट सोमैया ने मुंबई में जन्म के आंकड़े जारी कर जनसांख्यिकीय स्थिति का अध्ययन करने के लिए समिति गठित करने की मांग की है। उन्होंने मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस को पत्र लिखकर इस संबंध में पहल करने का आग्रह किया है। सोमैया के मुताबिक, वर्ष 2025 में हिंदू परिवारों में 70,380 और मुस्लिम परिवारों में 48,554 बच्चों का जन्म हुआ।

पिछले पांच वर्षों में यह आंकड़ा क्रमशः 3,36,625 और 2,20,754 रहा। उन्होंने जन्म के इन आंकड़ों का अनुपात लगभग 3:2 बताया है। सोमैया ने एक्स पर पोस्ट कर आरोप लगाया कि मुंबई को मुस्लिम मुंबई बनाने की साजिश हो रही है। उन्होंने शहर को



इससे बचाने के लिए जनसांख्यिकीय समिति गठित करने की मांग की। उन्होंने इस संबंध में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह को भी टैग किया। वहीं, बीएमसी की 2026 की सिविक डायरी के अनुसार, वर्ष 2025 के मध्य में मुंबई की अनुमानित आबादी करीब 1.31 करोड़ थी। सोमैया की मांग पर मुख्यमंत्री की ओर से कोई प्रतिक्रिया सामने नहीं आई है।

पेट्रोल में 31.2 प्रतिशत तक एथेनॉल मिलने का दावा

बेंगलुरु, आरएनएन। कर्नाटक सरकार के मंत्री रिजवान अरशद ने दावा किया है कि राज्य में पेट्रोल में निर्धारित 20 प्रतिशत से अधिक एथेनॉल मिलाया जा रहा है। उन्होंने बताया कि जांच में इंडियन ऑयल के पेट्रोल में 31.2 प्रतिशत, हिंदुस्तान पेट्रोलियम में 30.5 प्रतिशत, भारत पेट्रोलियम में 26.5 प्रतिशत, नायरा में 26.1 प्रतिशत और शेल के पेट्रोल में 25.5 प्रतिशत एथेनॉल मिला है। विभाग ने राज्यभर से 63 पेट्रोल सैंपल लेकर मान्यता प्राप्त प्रयोगशालाओं में जांच कराई थी। उन्होंने आरोप लगाया कि तेल कंपनियों की आंतरिक लैब ने शुरुआती रिपोर्ट में एथेनॉल की मात्रा का खुलासा नहीं किया। मंत्री ने केंद्र सरकार से ओवर-ब्लेंडिंग करने वाली कंपनियों पर जुर्माना लगाने और प्रभावित वाहन मालिकों को मुआवजा देने की मांग की। उन्होंने कहा कि देश के 35 करोड़ से अधिक वाहनों में से 99 प्रतिशत वाहन 20 प्रतिशत से ज्यादा एथेनॉल मिश्रण के अनुकूल नहीं हैं।

कर्नाटक के मंत्री ने तेल कंपनियों पर ओवर-ब्लेंडिंग का लगाया आरोप, ग्राहकों को मुआवजा देने की मांग

अक्टूबर में बिके 3.55 लाख इलेक्ट्रिक वाहन

नई दिल्ली(एजेंसी)। देश में इलेक्ट्रिक वाहनों (ईवी) की खुदरा बिक्री में इस साल अक्टूबर में एक साल पहले के मुकाबले 45 प्रतिशत की जबरदस्त वृद्धि देखी गई और यह करीब 3.55 लाख के रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गई। वाहन डीलरों से संगठन फाडा द्वारा शुक्रवार को जारी आंकड़ों में बताया गया है कि अक्टूबर में देश के वाहन बाजार में ईवी की हिस्सेदारी अक्टूबर 2025 के छह प्रतिशत से बढ़कर पिछले महीने 11.5 प्रतिशत पर पहुंच गई। इलेक्ट्रिक दुपहिया, तिपहिया, यात्री वाहन और वाणिज्यिक वाहन सभी श्रेणियों में मासिक बिक्री का कीर्तिमान स्थापित हुआ। फाडा के अध्यक्ष साई गिरिधर ने कहा कि अक्टूबर 2026 में खास बात यह रही कि मांग आपूर्ति से अधिक रही।

कांग्रेस की मांग- नियमित सैनिकों के समान वेतन, सुविधाएं, मुआवजा और अन्य अधिकार भी दिए जाएं

अग्निपथ योजना को पूरी तरह खत्म किया जाए और सेना में नियमित भर्ती बहाल हो

नई दिल्ली/संचार जगत

कांग्रेस ने मांग की है कि अग्निपथ योजना को पूरी तरह खत्म किया जाए, सेना में नियमित भर्ती बहाल हो और अग्निवीरों को नियमित सैनिकों के समान वेतन, सुविधाएं, मुआवजा तथा अन्य अधिकार दिए जाएं।

कांग्रेस कार्यालय में पत्रकार वार्ता करते हुए पार्टी के पूर्व सैनिक विभाग के चेयरमैन कर्नल रोहित चौधरी, उत्तराखंड पूर्व सैनिक विभाग के चेयरमैन कर्नल राम रतन नेगी, पश्चिमी उत्तर प्रदेश में विभाग के वाइस चेयरमैन कर्नल सिधिर कुमार और चंडीगढ़ में विभाग के चेयरमैन लेफ्टिनेंट कर्नल नवजोत सिंह थिंड ने कहा कि अग्निवीरों को दो साल का सेवा विस्तार देकर मोदी सरकार ने स्वीकार किया कि उसने अग्निपथ योजना लाने का गलत फैसला किया था। पार्टी नेताओं ने इस फैसले को सिर्फ लीपापोती बताया।

रोहित चौधरी ने कहा कि लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष



राहुल गांधी के नेतृत्व में कांग्रेस पार्टी शुरू से ही इस योजना का विरोध कर रही है और इसे समाप्त कर सेना में नियमित भर्ती बहाल करने की मांग उठा रही है। इसी उद्देश्य से देशभर में 'जय जवान' अभियान चलाया गया। कांग्रेस द्वारा दबाव बनाए जाने और आने वाले विधानसभा चुनावों के डर से मोदी सरकार अब चार साल की सेवा पूरी करने वाले अग्निवीरों में से 25 प्रतिशत को नियमित करने के अलावा शेष 75 प्रतिशत को दो साल का सेवा विस्तार देने की बात कर रही है। इसके बाद चयन मानदंड पूरे करने वाले और इच्छुक अग्निवीरों को नियमित कर दिया जाएगा, जबकि जो ऐसा करने में विफल रहेंगे, उन्हें सेवा से मुक्त कर दिया जाएगा। उन्होंने सीडीएस के बयान का हवाला देते हुए सवाल किया कि यदि अग्निवीरों का प्रदर्शन अच्छा है, तो सभी को स्थायी क्यों नहीं बनाया जा सकता?

रोहित चौधरी ने मांग की कि जिन 25 प्रतिशत अग्निवीरों को नियमित किया जा रहा है, उन्हें सेना में अग्निवीर के रूप में भर्ती होने की तारीख से ही नियमित सैनिकों के समान वेतन, मिलिट्री सर्विस पे, महंगाई भत्ता और अन्य सभी सुविधाओं का लाभ दिया जाए। उन्हें भी नियमित सैनिकों की तरह सालाना 30 की बजाय 90 दिन की छुट्टी दी जाए। इसके साथ ही सेवा के दौरान चिकित्सकीय कारणों से बाहर किए गए अग्निवीरों को दोबारा सेवा में शामिल करने की मांग भी उठाई। उन्होंने यह भी कहा कि शहीद होने वाले अग्निवीरों के परिवारों को नियमित सैनिकों के समान सारे लाभ, सम्मान, मुआवजा और आजीवन पेंशन मिलनी चाहिए। इसके अलावा, अग्निवीर के रूप में कार्यकाल के दौरान शादी पर लगाए गए प्रतिबंध को भी उन्होंने युवाओं के मौलिक अधिकारों का उल्लंघन बताया और इसे समाप्त करने की मांग की।

रोहित चौधरी ने बताया कि नियमित सैनिकों के मुकाबले अग्निवीरों को कम वेतन और सुविधाओं के कारण सरकार को ही रही बचत का पैसा कहां जा रहा है, इसका हिसाब देश के सामने रखा जाए।

उन्होंने कहा कि अग्निपथ योजना राष्ट्रीय सुरक्षा, सेना की परंपराओं और युवाओं के भविष्य के खिलाफ है। तीनों सेनाओं के प्रमुखों ने इसे अपनी ओर से प्रस्तावित योजना नहीं बताया था। उन्होंने कहा कि अग्निवीर योजना से त्रस्त होकर कई अग्निवीरों ने आत्महत्या कर ली। उन्होंने यह भी बताया कि योजना के आने के बाद सेना में करीब सवा दो लाख जवानों की कमी हो गई। लगभग डेढ़ लाख युवा भर्ती प्रक्रिया पूरी होने के बावजूद नियुक्ति पत्र का इंतजार करते रह गए। उन्होंने जोर देकर कहा कि भारत की लंबी अंतरराष्ट्रीय और समुद्री सीमाओं पर सुरक्षा के लिए प्रशिक्षित एवं अनुभवी नियमित सैनिकों की आवश्यकता है। सेना में चार साल की संविदा आधारित भर्ती से कैडर प्रबंधन, प्रशिक्षण और सैनिकों के भविष्य को लेकर कई समस्याएं पैदा हुई हैं।

कर्नल रोहित चौधरी, कर्नल राम रतन नेगी, कर्नल सिधिर कुमार और लेफ्टिनेंट कर्नल नवजोत सिंह थिंड ने बताया कि कांग्रेस अब 'जय जवान पार्ट-2' अभियान शुरू करने जा रही है। यह अभियान तब तक जारी रहेगा, जब तक अग्निपथ योजना पूरी तरह समाप्त नहीं हो जाती और अग्निवीरों को नियमित सैनिकों का दर्जा नहीं मिल जाता।

खबर संक्षेप

पेरियार नॉलेज वर्ल्ड की खरीद में घोटाला: विजय

चेन्नई। तमिलनाडु के सीएम सी. जोसेफ विजय ने शुक्रवार को आरोप लगाया कि कोयंबटूर में



'पेरियार नॉलेज वर्ल्ड' के लिए किताबें खरीदने में पिछली डीएमके सरकार के दौरान भ्रष्टाचार हुआ था। प्रोफेसर पेरुमल मुरुगन ने पर्दाफाश किया है और उनकी तारीफ की जानी चाहिए। डीएमके को भ्रष्टाचार की जड़ बताते हुए कहा वह भ्रष्टाचार में डूबी रहती है।

ट्रक की चपेट में पलटी ट्रैक्टर ट्रॉली, 5 की मौत

सीतापुर। जिले के पिसावां थाना क्षेत्र के अंतर्गत पिहानी मार्ग पर कुलहाघाट के पास शुक्रवार को



एक भीषण सड़क हादसा हो गया। मुंडन संस्कार से लौट रहे लोगों से भरी एक ट्रैक्टर-ट्रॉली को पीछे से आ रहे एक बेकाबू ट्रक ने टक्कर मार दी। हादसे में ट्रैक्टर-ट्रॉली के नीचे दबकर 5लोगों की दर्दनाक मौत हो गई, जबकि 17 अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए हैं।

केंद्रीय गृह मंत्री ने जनता से अपील, 65 से ज्यादा सीटें जिताएं

देहरादून में शाह ने विपक्ष पर किया प्रहार

कांग्रेस ने चीन के डर से सड़कें नहीं बनवाई, हमने सीमा की सुरक्षा की



नई दिल्ली/संचार जगत

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने उत्तराखंड की जनता से अगले साल की शुरुआत में प्रस्तावित राज्य विधानसभा चुनाव में भाजपा को 65 से अधिक सीटें जिताकर लगातार तीसरी बार पार्टी की सरकार बनाने का आह्वान किया है। उन्होंने कहा कि भाजपा उत्तराखंड को सुरक्षित, समृद्ध और देश की सांस्कृतिक राजधानी बनाना चाहती है। उत्तराखंड राज्य स्थापना दिवस समारोह के तहत 1,475.31 करोड़ की 62 योजनाओं के लोकार्पण और शिलान्यास के अवसर पर परेड ग्राउंड में शाह ने कहा कि असम, गुजरात, हरियाणा, मध्यप्रदेश, गोवा और महाराष्ट्र में भाजपा लगातार तीसरी बार सरकार बनाकर हैट्रिक लगा चुकी है। अब उत्तराखंड की बारी है। उन्होंने कहा कि 2017 में जब मैं पार्टी का अध्यक्ष था, तब आपने 46 प्रतिशत वोट देकर भाजपा को 57 सीटें दी थीं। 2022 में 44 प्रतिशत वोट के साथ 47 सीटें दीं। लेकिन इस बार इससे काम नहीं चलेगा। हमें 65 पार का लक्ष्य लेकर आगे बढ़ना है। शाह ने कहा कि कांग्रेस ने चीन के डर से सड़कें नहीं बनवाई। हमने सीमा की सुरक्षा की।

राज्य स्थापना दिवस समारोह में 1,475.31 करोड़ की 62 योजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास किया

कांग्रेस ने राज्य को 'मनीऑर्डर अर्थव्यवस्था' और पलायन के भरोसे छोड़ा था

शाह ने कहा कि भाजपा इस सीमांत राज्य को सुरक्षित, समृद्ध और देश की सांस्कृतिक राजधानी बनाना चाहती है। इन तीनों उद्देश्यों के लिए हमें आपका जनादेश और आशीर्वाद चाहिए। शाह ने आरोप लगाया कि उसने वर्षों तक उत्तराखंड को 'मनीऑर्डर अर्थव्यवस्था' और पलायन के भरोसे छोड़ दिया। कोई काम नहीं किया।



परेड ग्राउंड में समारोह के दौरान अमित शाह का सीएम पुष्कर सिंह धामी ने स्वागत किया

अब देश के साथ कोई दुस्साहस नहीं करेगा

शाह ने कहा कि भारत के साथ दुस्साहस करने वालों को केंद्र सरकार ने 'ऑपरेशन सिंदूर' और 'सर्जिकल स्ट्राइक' के जरिए उनके घर में घुसकर जवाब दिया। उन्होंने कांग्रेस पर आतंकवाद को रोकने में विफल होने का आरोप लगाते हुए कहा कि मोदी सरकार ने इसे समाप्त करने की दिशा में कठोर कदम उठाए हैं। शाह ने 'वाइब्रेंट विलेज' योजना का उल्लेख करते हुए कहा किमोदी सरकार ने सीमावर्ती गांवों को देश का पहला गांव माना है।

कांग्रेस निकाल रही 'घुसपैठिया बचाओ' यात्रा

एसआईआर को लेकर कांग्रेस के विरोध पर शाह ने कहा कि राहुल गांधी की 'वोट बचाओ यात्रा' वास्तव में 'घुसपैठिया बचाओ' यात्रा है। उन्होंने कांग्रेस पर घुसपैठ को बढ़ावा देने, तुष्टीकरण की राजनीति करने, शुक्रवार की नमाज के लिए छुट्टी का प्रस्ताव लाने, राम मंदिर का विरोध करने, भ्रष्टाचार और घोटालों में शामिल होने का आरोप लगाया।

राज्य में यूसीसी लागू किया

शाह ने दावा किया कि भाजपा ने 10 वर्षों में जनता को भ्रष्टाचार मुक्त शासन दिया है। यूसीसी पर उन्होंने कहा कि इस कानून के लागू होने के बाद प्रदेश में किसी को 4 शादियां करने या 'तीन तलाक' के जरिए किसी महिला का अपमान करने की अनुमति नहीं है।

धामी सरकार उत्तराखंड के विकास के लिए लगातार काम कर रही

शाह ने प्रदेश में केंद्र सरकार की विभिन्न परियोजनाओं का भी उल्लेख किया। इनमें दिल्ली-देहरादून आर्थिक गलियारा, ऋषिकेश-कर्णप्रयाग रेल परियोजना और केदारनाथ एवं हेमकुंड साहिब रोपवे परियोजनाएं शामिल हैं। केंद्र में मोदी और प्रदेश में धामी सरकार उत्तराखंड के विकास के लिए लगातार काम कर रही हैं।

कांग्रेस मुस्लिम विश्वविद्यालय की वकालत करेगी

शाह ने कहा कि अगर कांग्रेस सत्ता में आई तो मुस्लिम विश्वविद्यालय की वकालत करेगी, जबकि भाजपा सरकार अवैध मजारों और मदरसों को हटाकर प्रदेश को अतिक्रमण से मुक्त करेगी। उन्होंने लोगों से कहा कि उन्हें तय करना है कि उन्हें भाजपा की विकास करने वाली सरकार चाहिए या भ्रष्टाचार करने वाली सरकार। शाह ने कहा कि आने वाले दिनों में भाजपा कार्यकर्ता उत्तराखंड के नागरिकों से घर-घर जाकर संपर्क करेंगे।

बिना इजाजत पटाखे जलाए तो होगी जेल

आइजोल, आरएनएन। मिजोरम में बिना अनुमति पटाखे जलाने, इस्तेमाल करने या रखने पर अब तीन महीने तक की जेल या 50 हजार रुपये तक का जुर्माना हो सकता है। गृह मंत्री के. सपदांगा ने शुक्रवार को आइजोल प्रेस क्लब में नए कानून के प्रावधानों की जानकारी दी।



सरकारी कर्मियों को मिजोरम के गृहमंत्री ने चेताया

उन्होंने बताया कि द मिजोरम रेगुलेशन ऑफ फायरवर्क्स एक्ट, 2026 को अगस्त में विधानसभा से मंजूरी मिली थी और सितंबर में अधिसूचित किया गया। इसके तहत पटाखों के इस्तेमाल, भंडारण और बिक्री को नियंत्रित किया गया है। पटाखे जलाने या रखने के लिए संबंधित डिप्टी कमिश्नर की पूर्व अनुमति अनिवार्य होगी। गृह मंत्री के मुताबिक, नियम तोड़ने वाले सरकारी कर्मचारियों को छह महीने तक की जेल या एक लाख रुपये तक का जुर्माना हो सकता है। 12 साल से कम उम्र के बच्चों के उल्लंघन पर उनके माता-पिता या अभिभावक जिम्मेदार होंगे।

पेट्रोल में 31.2 प्रतिशत तक एथेनॉल मिलने का दावा

बेंगलुरु, आरएनएन। कर्नाटक सरकार के मंत्री रिजवान अरशद ने दावा किया है कि राज्य में पेट्रोल में निर्धारित 20 प्रतिशत से अधिक एथेनॉल मिलाया जा रहा है। उन्होंने बताया कि जांच में इंडियन ऑयल के पेट्रोल में 31.2 प्रतिशत, हिंदुस्तान पेट्रोलियम में 30.5 प्रतिशत, भारत पेट्रोलियम में 26.5 प्रतिशत, नायरा में 26.1 प्रतिशत और शेल के पेट्रोल में 25.5 प्रतिशत एथेनॉल मिला है। विभाग ने राज्यभर से 63 पेट्रोल सैंपल लेकर मान्यता प्राप्त प्रयोगशालाओं में जांच कराई थी। उन्होंने आरोप लगाया कि तेल कंपनियों की आंतरिक लैब ने शुरुआती रिपोर्ट में एथेनॉल की मात्रा का खुलासा नहीं किया। मंत्री ने केंद्र सरकार से ओवर-ब्लेंडिंग करने वाली कंपनियों पर जुर्माना लगाने और प्रभावित वाहन मालिकों को मुआवजा देने की मांग की। उन्होंने कहा कि देश के 35 करोड़ से अधिक वाहनों में से 99 प्रतिशत वाहन 20 प्रतिशत से ज्यादा एथेनॉल मिश्रण के अनुकूल नहीं हैं।

कर्नाटक के मंत्री ने तेल कंपनियों पर ओवर-ब्लेंडिंग का लगाया आरोप, ग्राहकों को मुआवजा देने की मांग



स्वामित्व, प्रकाशक एवं संपादक : अवंतिका राठौड़ - पी.के. प्रिंटर्स एंड स्टेशनर्स, 31, राम मंदिर के पास, पटेल नगर, 22 गोदाम, जयपुर से मुद्रित एवं प्रकाशित। कार्यालय : जे-17, रमेश मार्ग, सी-स्कीम, जयपुर। संपर्क : 0141 463 7668
ई-मेल : sancharjagat@gmail.com| आरएनआई नं. : RAJHIN/2014/55262 समाचार चयन के लिए पीआरबी अधिनियम के तहत जिम्मेदार। न्यायाधिकार क्षेत्र : जयपुर महानगर।